रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com
वर्ष-61 | अंक-237 रांची | शुक्रवार 19 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12
मूल्य 4 रु.

झारखंड में पारा 43 डिग्री पार, बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों का बदला समय

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची। राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम केंद्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया गया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 8 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था। अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 की बजाए सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे की बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 8 की जगह अब सुबह 6 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

जमीन घोटाला मामले में ईडी ने आरोपितों के पास से बरामद किये एक करोड़ 25 लाख

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत पिछले दिनों की गयी छापेमारी में एक करोड़ 25 लाख कैश बरामद किये थे। इसे ईडी ने जब्त कर लिया है। साथ ही ईडी ने अलग-अलग बैंक खातों में जमा तीन करोड़ 56 लाख भी जब्त करते हुए बैंक अकाउंट को फ्रिज कर दिया है। ईडी ने गुरुवार अधिकारिक रुप से बताया कि जमीन घोटाले मामले में 16 फरवरी को हुई छापेमारी के दौरान करीब 1.25 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। पीएमएलए के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद से जुड़े मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस घपले में शामिल अफसर अली को भी गिरफ्तार करते हुए 22 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। इस मामले में मो. सद्दाम हुसैन पहले से ही ईडी की कस्टडी में हैं।

ईडी ने जांच में पाया है कि गिरफ्तार किए गये सभी छह लोगों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर नहीं बेचे जाने वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री की है। इस साजिश में रांची और कोलकाता स्थिति राजस्व विभाग के कर्मी भी शामिल रहे हैं।

मनरेगा घोटाला : ईडी ने दो इंजीनियरों की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त की

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में एक बार फिर से कार्रवाई की है। गुरुवार को ईडी की टीम ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार ईडी ने झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले मामले में आरोपित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इस मामले में ईडी अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (मृतक), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 6 मई 2022 को पीएमएलए अधिनियम में दर्ज प्रविधानों के तहत सभी इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त आइएएस पूजा सिंघल से संबंधित परिसरों की तलाशी ली थी। इस छापेमारी में ईडी को तब 19.58 करोड़ रुपये नकदी मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त किया था। फिलहाल मामले में पूजा सिंघल न्यायिक हिरासत में है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है।

जैक का 10वीं का रिजल्ट आज

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (JAC) कल, 19 अप्रैल को दोपहर में झारखंड बोर्ड 10 वीं का रिजल्ट जारी करेगा। इस साल झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678 छात्र उपस्थित हुए। झारखंड बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 6 से 26 फरवरी तक आयोजित की गई थीं। छात्र रिजल्ट झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकेंगे। रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवारों को अपना रोल नंबर/रोल कोड दर्ज करना होगा। इसके अलावा एसएमएस के जरिए भी नतीजे चेक किए जा सकते हैं।

फर्जी मुठभेड़ है यह...

पूर्व सीएम बघेल ने दी सबूत पेश करने की चुनौती

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में माओवादियों के लिए सुरक्षाबल के जवान काल बन गए हैं। लाल आतंक के गढ़ कांकेर में जवानों की बड़ी सफलता मिली है। इसके बाद प्रदेश की राजनीति भी गर्म हो गई है। विपक्षी कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बस्तर में फर्जी मुठभेड़ों में वृद्धि हुई है और आदिवासी आबादी चिंतित और डरी हुई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने मंगलवार को कांकेर मुठभेड़ के बाद कहा कि फर्जी मुठभेड़ को लेकर आलोचना की। वहीं, बुधवार को बघेल ने सुरक्षा बलों के साहस की प्रशंसा की और कांकेर ऑपरेशन को बड़ी सफलता बताया।

रामनवमी पर हिंसा को लेकर ईसी पर भड़कीं ममता

- कहा-मेरे मना करने के बाद भी दो दिन पहले डीआईजी को हटाया

कोलकाता (एजेंसी)। रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रैली के दौरान हिंसा को लेकर टीएमसी और बीजेपी में ठन गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि रामनवमी से दो दिन पहले चुनाव आयोग ने भाजपा के कहने पर मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाया गया। टीएमसी अध्यक्ष का दावा है कि भाजपा ने हिंसा की योजना बनाई है। ममता ने चुनाव आयोग को भाजपा आयोग कहकर संबोधित किया।

21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग आज

2019 में भाजपा 40, डीएमके 24, कांग्रेस 15 और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडीडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8 फीसदी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16 फीसदी यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 फीसदी यानी 161 कैंडीडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडीडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। ईसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पहले फेज में 1618 उम्मीदवारों में से 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडीडेट्स के पास औसत संपत्ति 4.51 करोड़ रुपए है। 10 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है।

ईडी ने कसा शिकंजा, शिल्पा शेट्टी का फ्लैट किया कुर्क

- राज कुंद्रा का बंगला और शेयर भी शामिल, मनी लॉन्ड्रिंग केस में 97 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

मुंबई (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने बिटकॉइन के रूप में हर महीने 10 फीसदी रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन के रूप में बड़ी रकम इकट्ठा की थी।

आरएसएस की शाखा में जाकिर हुसैन को मिला पद

मुख्तार से रहा कनेक्शन, गैंगस्टर एक्ट में हो चुकी है कुर्की

गाजीपुर (एजेंसी)। मुख्तार अंसारी के सहयोगी रहे जाकिर हुसैन उर्फ विक्की को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का पूर्वांचल सहसंयोजक बनाया गया है। यह संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक ने जाकिर हुसैन को पूर्वांचल की जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्तार अंसारी के गैंग से संबंध रखने वाले जाकिर हुसैन की करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति पिछले साल 25 जून को गैंगस्टर के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुर्क की थी। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक ठाकुर राजा रईस ने कहा कि वह उन मुसलमानों को खड़ा करना चाहते हैं जो राष्ट्र के लिए काम करें और देश की मुख्य धारा में शामिल हों।

'ईवीएम' में गड़बड़ी की शिकायतों पर ध्यान दें

आरोपों पर चुनाव आयोग से बोला सुप्रीम कोर्ट

तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)। केरल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी और दूसरों का वोट भी भाजपा को ट्रांसफर होने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। शीर्ष अदालत ने आयोग से कहा है कि वह इन शिकायतों पर संज्ञान लें। अर्जियों में आरोप लगाया गया था कि केरल के कासरगोड में मॉक पोलिंग के दौरान ऐसा हुआ था कि हर वोट भाजपा को ही जा रहा था। इस केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना ने आयोग के वकील से कहा कि वह इस पर संज्ञान लें। वीवीपैट को लेकर दाखिल अर्जी पर बेंच ने कहा, केरल के कासरगोड में मॉक पोलिंग हुई थी। 4 ईवीएम और वीवीपैट में भाजपा का एक अतिरिक्त वोट मिला था। मनोरमा में यह रिपोर्ट मिली थी।

बच्चों को भगवा कपड़े पहनकर आने से रोका, जमकर बवाल

- तेलंगाना के मिशनरी स्कूल के प्रिंसिपल पर केस दर्ज; भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के एक मिशनरी स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य अधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन्होंने भगवा पहनकर स्कूल आए कुछ बच्चों को रोका था। घटना हैदराबाद से 250 किमी दूर मंचेरियल जिले के कन्नेपल्ली गांव का है। स्कूल का नाम ब्लेस्ड मदर टेरेसा स्कूल है। डंडेपल्ली पुलिस के मुताबिक, छात्रों के पेरेंट्स की शिकायत के आधार पर आईपीसी के सेक्शन 153 (ए) (धर्म और जाति के आधार पर दो समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाना) और 295 (ए) (धार्मिक भावनाओं को आहत करना) के मामले में केस दर्ज किया गया है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, मंगलवार को कुछ बच्चे यूनिफॉर्म की जगह भगवा वस्त्र पहनकर आए थे। प्रिंसिपल ने इन बच्चों से भगवा कपड़े पहनकर आने का कारण पूछा।

झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

रांची। राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। राज्य की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

खूंटी में फिर अर्जुन मुंडा बनाम कालीचरण मुंडा

खूंटी (एसटी) सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था। लोहरदगा (एसटी) सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू (एससी) संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। चार लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पलामू (एससी) लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22,27,365 मतदाता हैं। मतदाताओं के मामले में सिंहभूम (एसटी) सीट दूसरे नंबर पर है। यहां मतदाताओं की संख्या 14,32,934 है। इसके बाद लोहरदगा (एसटी) का नंबर आता है, जहां कुल 14,27,022 वोटर हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदाता खूंटी (एसटी) में हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 13,12,261 है।

मां-बाप ने बिहार को बेहाल कर दिया और बेटा गाजा-इजरायल पर ज्ञान दे रहा

- पीके ने तेजस्वी यादव को घेरा, एक टिप्पणी को बनाया अपना चुनावी हथियार

पटना (एजेंसी)। बिहार में शुक्रवार को पहले चरण की चार सीटों पर चुनाव होना है। प्रदेश में आरोप प्रत्यारोप का भी दौर जारी है। इस बीच, चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि तेजस्वी जैसे नेता अगर देश को नई दिशा देने लगेंगे तो देश का वही हाल होगा जैसे लालू-राबड़ी ने बिहार का किया था। उन्होंने कहा कि इससे देश का कोई भला होने वाला नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने तेजस्वी यादव को शुभकामनाएं दी।

अधिवक्ता राजीव कुमार के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 25 अप्रैल को

रांची – कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था।

छात्र की असमायिक निधन से सीआईटी में शोकसभा के बाद कक्षाए स्थगित

अनगड़ा । कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी टाटी सिलवे में अध्यनरत 2022 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र विवेक साह की 16 अप्रेल कोअसामयिक निधन हो गया । इसको लेकर गुरुवार को संस्थान में शोकसभा क़ा आयोजन किया गया । मौके पर दिवगंत छात्र की आत्मा की शांति के लिए छात्र छात्राओं एवं कर्मचारियों ने दो मिनट क़ा मौन धारण कर उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस दौरान प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा की छात्र विवेक काफ़ी होनहार और मिलनसार था. उसकी मृत्यु से संस्थान को अपूरणीय क्षति हुई है । दुःख की इस घड़ी में ईश्ववर उनके परिजनों को दुःख सहने क़ा सबल प्रदान करें । मालूम हो की मृतक छात्र झारखण्ड के गोड्डा जिले के खिरोउंधी गांव क़ा रहने वाला था ।और छुट्टी के दौरान अपने घर गया था जँहा विगत 16 अप्रैल को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद छात्र की मृत्यु हो गई. छात्र की मौत को लेकर संस्थान में शोक की लहर है । शोक सभा के बाद सभी कक्षाए स्थगित कर दी गई ।

श्रीराम चरित मानस पाठ सह प्रवचन का 75 वां अधिवेशन संम्पन्न

इटकी प्रतिनिधि इटकी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित पंडाल में आयोजित नौ दिनी श्रीराम चरित मानस पाठ महायज्ञ सह प्रवचन का 75 वां अधिवेशन का पुर्णाहुती कर दी गई । गुरुवार की सुबह पंडित शत्रुधन पाण्डे ने रामायण के सुन्दर काण्ड के श्लोकों से आधारित दर्ज़नों पाठ कर्त्ताओं को महायज्ञ कराया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर देश,प्रदेश, क्षेत्र की मंगलकामना के साथ रामचरित मानस पाठ के 75 वें अधिवेशन का समापन कर दिया गया। राम चरित मानस यज्ञ समिति द्वारा रामायण के पाठ कर्त्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इधर पंडाल में स्थापित श्रीराम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण और बीर हुनमंत की प्रतिमा का कल शुक्रवार को एक शोभा यात्रा निकाल कर विसर्जन किया जायेगा। नौ दिनी मानस् पाठ और प्रवचन को सफल बनाने कृष्णा राम तिवारी, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव पंचम महतो, दिवाकर शाही, जितेन्द्र महतो सहित अन्य लोगों की अहम भुमिका रही।

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बाघवार एकेडमी के बच्चे हुए सम्मानित

चांन्हो – चान्हों स्थित बाघवार अकादमी के प्रांगण में साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को गुरुवार को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।? ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष साइंस ओलं पियाड फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हिस्सा लेते हैं।इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा।

सभी बच्चों को मिडिल एवं प्रशस्ति पत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के कर कमलों के द्वारा दिया गया। बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुएआगे आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने एवं और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी । उन्होंने यह भी कहा कि यदि व्यक्ति में आत्मविश्वास तथा दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो वह किसी भी मंजिल को सफलतापूर्वक हासिल कर सकता है। इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया

स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक: आदित्य रंजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता रांची – राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) के अनुश्रवण की टीम ने गुरुवार को भी निरीक्षण किया।। इसी के साथ राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कोषांग की वर्चुअल बैठक करते हुए पदाधिकारियों को कई-निर्देश दिए।

आदित्य रंजन ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि स्कूल के प्राध्यापक, वार्डन या टीचर किसी को भी बच्चों की जान और ज्ञान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अनुश्रवण पदाधिकारियों को हर हाल में लक्षित विद्यालयों का निरीक्षण पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। रंजन ने कहा कि जहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा मुख्यालय को अवश्य भेजें।

रांची के टीवीएस स्कूल के विरुद्ध करवाई : रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा सरोंन तिग्गा को स्कूल में अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी जब स्कूल में निरीक्षण करने गए तब वाचा सरोंन तिग्गा स्कूल में अनुपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 15 दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया है। जिसके बाद अनुश्रवण के लिए गए प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को वाचा तिग्गा के आकस्मिक अवकाशों की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में यह भी सामने आया है कि पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा तिग्गा द्वारा अबतक वर्तमान प्रभारी प्राध्यापिका को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है, साथ ही विद्यालय कोष में गड़बड़ी का मामला भी प्रकाश में आया है।

इसी स्कूल के सहायक शिक्षक इफ़्तेख़ार आलम (स्नातक प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया है। इफ़्तेख़ार आलम की प्रतिनियुक्ति एसएस 2 हाई स्कूल, ककरिया, लापुंग से टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर में की गयी थी। मगर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने इफ़्तेख़ार आलम को प्रतिनियुक्ति के नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पुनः एसएस 2 उच्च विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

दो जिलों के तीन स्कूलों को शोकॉज : राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में दो जिलों के तीन स्कूलों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आया है। साहिबगंज के कन्या पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका और टीजीटी शिक्षक के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या पोखरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमना रॉय को शोकॉज जारी किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालयों में 80 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति से संबंधित तय मानकों के पालन के प्रति उदासीनता बरतने का दोषी पाते हुए उन्हें दो दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। स्कूल के ही टीजीटी शिक्षक ललन कुमार को अनुश्रवण पदाधिकारियों के समक्ष आचरण संहिता एवं कर्तव्यहीनता का दोषी पाया गया। मामले में उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

जमशेदपुर के भालूबासा स्थित हरिजन उच्च विद्यालय में अनुश्रवण के लिए गए जांच दल के पदाधिकारियों ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को शोकॉज करते हुए स्कूल में बच्चो की कम उपस्थिति, स्कूल परिसर एवं शौचालय की साफ़ सफाई में लापरवाही का कारण पूछा है। जमशेदपुर के ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मध्य विद्यालय, मानगो के प्रभारी प्राचार्य को भी शोकॉज किया गया है। अनुश्रवण के लिए गयी टीम ने पाया कि स्कूल में कुल 370 बच्चे नामांकित है, जबकि प्रार्थना सभा में केवल 22 बच्चे उपस्थित थे। अनुश्रवण पदाधिकारियों ने इसे अत्यंत गंभीर विषय माना और तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज जारी किया है।

गढ़वा के अनियमितता, जांच का आदेश : गढ़वा में अनुश्रवण के दौरान निरीक्षण के लिए जिले में गए पदाधिकारियों के संज्ञान में गढ़वा जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा पदाधिकारी के द्वारा गत माह में समग्र शिक्षा के तहत संचालित गतिविधियों, कार्यक्रमों, प्रखंड स्तरीय विद्यालयों एवं कार्यालयों के कार्यन्वयनों में अनियमितता एवं त्रुटियों का मामला प्रकाश में आया। अनुश्रवण टीम ने प्रखंड,मविद्यालय स्तर पर उप आवंटित की गयी व्यय राशि की जांच हेतु एडीपीओ, गढ़वा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। उक्त दल को जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना को भेजने का निर्देश दिया गया है।

अबतक 246 स्कूलों का हुआ है औचक निरिक्षण, जारी रहेगा अभियान : राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्य अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा अबतक 246 सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। कई विद्यालयों में कार्य संतोषजनक मिला, जबकि कई विद्यालयों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आने के बाद कार्रवाई की गयी है। अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण अभी जारी रहेगा।

इंडिया गठबंधन के नामांकन पत्र दाखिल में समर्थक दिखाये अपनी एकजुटता : कालीचरण मुंडा

तमाड़। खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा गुरुवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने अड़की प्रखंड के बिरबांकी, कोचांग, लवउली, साके, बोंहडा, छोटाउली, इचाहातु आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। ग्रामीणों ने प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का गांवो में भव्य स्वागत किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर 23 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिला में ग्रामीणों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये अपील किये। उन्होने कहा खूंटी स्तिथ कोऑपरेटिव मैदान से इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता और समर्थको के साथ भव्य जुलूस की शक्ल में नामांकन करने उपायुक्त कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

मौके पर लक्ष्मण टूटी, जावरा मुंडा, गीता समद, धिरजू मुंडा, हालू मुंडा, प्रधान मुंडा, डेमका मुंडा, जोगन मुंडा, बिरसा मुंडा, धनिक मुंडा आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनाया गया

सिल्ली -- गुरुवार दिनांक 18 अप्रैल 2024 को किसान नेता सह पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह मुंडा की 3 रा पुण्य तिथि राजेन्द्र सिंह मुंडा प्रतिमा स्थल बरसालडीह (सोनाहातु) में सम्मान पूर्वक मनाया गया । वहीं संविधान, लोकतंत्र,व देश की रक्षा का लिया गया शपथ। राजेन्द्र सिंह मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने राजेन्द्र सिंह मुंडा के जीवनी पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा राजेन्द्र सिंह मुंडा जीवनपर्यन्त किसानों ट्ठ मजदूरों के लिए संघर्षरत रहे। पंचायत चुनाव के लिए हा?ई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक 10 वर्षों संघर्ष के परिणाम 32 साल बाद पंचायत चुनाव का दरवाजा खुला। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र दा के रास्ते जल, जंगल, जमीन तथा सी,एन,टी - एस, पी,टी एक्ट की रक्षा तथा सम्प्रदायिक सद्भाव के लिए लड़ा?ई तेज़ करने की आज जरुरत है । इस अवसर पर जिला कमिटी सदस्य उमेश महतो, जिला कौंसिल सदस्य रतन महतो , घुरन पातर, नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विकास मुंडा , अंचल कौंसिल सदस्य बसंत मुंडा,डोमन मुंडा, विशेश्वर महतो राजेन्द्र सिंह मुंडा,कलेवर मुंडा जगदीश मुंडा, शंकर मुंडा, गोवर्धन मुंडा जदु पाहान, नुनी बाला देवी, संयोती देवी, हैप्पी मुंडा नेपाल मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा मनबोध सिंह मुंडा सहित अत्यधिक संख्या में लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता किसान नेता डोमन सिंह मुंडा ने किया। यह जानकारी सुफल महतो राज्य अध्यक्ष झारखंड राज्य किसान सभा ने दी ।

दीपिका के चुनाव मैदान में आते ही निशिकांत का टूटा संकल्प,घर-घर जाकर मांगेंगे वोट

साजन मिश्रा गोड्डा गोड्डा लोकसभा की राजनीति में दीपिका के दस्तक देते ही शांत निशिकांत अशांत हो गए। दरअसल लगातार तीन बार से निशिकांत के गोड्डा सीट से हो रहे जीत से निशिकांत इस बार भी बिल्कुल निश्चिंत और शांत थे,उन्हें लगता था कि इंडिया एलायंस इस बार पुनः प्रदीप यादव को ही प्रत्याशी घोषित करेगी,जिनसे हमारा टक्कर होगा लेकिन बीते मंगलवार को गोड्डा की राजनीति ने एक नई दिशा और दशा ली जिससे कइयों के सोच पर पानी फिर गया, इंडिया एलायंस ने इस बार गोड्डा सीट पर बड़ा बदलाव करते हुए अनुभवी चेहरे को दरकिनार कर बिल्कुल नए चेहरे के रूप में दीपिका पर किस्मत आजमाने की घोषणा कर दी,ऐसे में वर्तमान सांसद जिन्हें ये लग रहा था कि इस बार पुनः प्रदीप यादव से ही हमारा टक्कर होगा और हमें प्रचार की जरूरत नहीं पड़ेगी ऐसे में इंडिया एलायंस के जारी सूची ने निशिकांत को हलचल में ला दिया। दरअसल वर्तमान सांसद और भाजपा के द्वारा गोड्डा सीट से चौथी बार घोषित उम्मीदवार निशिकांत दुबे अपने एक अभिभाषण में ये कहते हुए नजर आए थे कि अगर गोड्डा सीट से जेएमएम अपना प्रत्याशी देगी या कांग्रेस से प्रदीप यादव प्रत्याशी बनेंगे तो हमें प्रचार करने की जरूरत नहीं है,ऐसे में दीपिका के गोड्डा लोकसभा में उदय होते ही निशिकांत का ये आत्मविश्वास शायद जवाब दे दिया,इसलिए निशिकांत ने अब आगामी 23 अप्रैल से अपने लोकसभा के सभी मंडल के गांव-गांव में घूमने का एलान कर दिए हैं। आपको बता की दीपिका के घोषणा के बाद पार्टी का भीतरी कलह खुलेआम बाहर निकल चुका है,कई खेमे में बटी कांग्रेस के समर्थकों सहित नेताओं ने दीपिका के उम्मीदवारी वाली घोषणा पर जमकर आपत्ति जताया है लेकिन इस चुनावी टक्कर में सामने निशिकांत दुबे भी अब अशांत होते दिख रहे हैं,जिन्होंने अपने सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर 23 अप्रैल से लोकसभा के सभी मंडल में गांव-गांव घूमने की बात लिखी है,जिसे काफी ट्रोल भी किया जा रहा है।

महगामा में रामनवमी धूमधाम से हुआ सम्पन्न

महागामा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप संकट मोचन धाम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्यौहार हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 24 घंटा का हरे राम नाम संकीर्तन अष्टयाम का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं के लिए भंडारा, पेयजल आदि की सुविधा कमिटी के द्वारा किया गया था। इस दौरान बुधवार को देर शाम को देवघर से लौटने के क्रम महागामा के बजरंगबली चौक में भगवान राम मन्दिर में विधायक दीपिका पांडे सिंह ने आशीर्वाद लिया। रामनवमी को लेकर संकट मोचन धाम मंदिर का रंग रोहन व सज्जो सजावट कर मंदिर को आकर्षक बनाया गया था। संकट मोचन धाम के अध्यक्ष दिलीप रविदास व कमेटी के सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में प्रशासन की गाइडलाइन अनुपालन करते हुए विधि विधान से पूजा व अखाड़ा जुलूस निकला। इस दौरान दो दिन भांडरा का भी आयोजन किया गया। अष्टयाम के बाद कलश विसर्जन करते हुए अखाड़ा जुलूस संकट मोचन धाम बजरंगबली चौक के प्रांगण से होकर महागामा थाना,गंगासागर मोड़ से होते बसवा चौक में अखाड़ा का प्रदर्शन दिखाते हुए बसुआ पोखर में विधि विधान से रामनवमी पूजन का विसर्जन किया गया।

रामनवमी के अवसर पर कजरेल में एक दर्जन गांवों के अखाड़े का होता है मिलान

ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के अमरपुर पंचायत अंतर्गत कजरैल में चैत्र नवरात्र और रामनवमी के अवसर पर हर वर्ष लगने वाले मेले में बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव से आए अखाड़े का मिलान हुआ जहां लोगों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाते हुए तलवारबाजी,लाठी,बाना,भाला बरछी आदि का प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां लगभग 50 वर्षों से ज्यादा समय से हर वर्ष रामनवमी व चैत्र नवरात्र के अवसर पर मेले का आयोजन होता है ।

मानद् विजिटिंग विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए रुचि की अभिव्यक्ति

सूचना

चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार **गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं पेडियाट्रिक्स** के प्रत्येक विषय में 01 (एक) के अनुसार 2 (दो) मानद् विजिटिंग विशेषज्ञों के चयन एवं नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

● **विजिट की संख्या/घंटे की संख्या एवं भुगतान किया जाने वाला मानदेय :-**

विषय	ड्यूटी का समय	विशेषज्ञ/सुपर स्पेशलिस्ट (एमडी/डीएम/डीएनबी)
गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट)	4 दिन/सप्ताह के लिए प्रतिदिन 4 घंटे	₹ 60,000/- प्रति माह
पेडियाट्रिक्स (विशेषज्ञ)	6 दिन/सप्ताह के लिए प्रतिदिन 4 घंटे	₹ 78,000/- प्रति माह

● **शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव:** (क) गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट) के विषय में पोस्ट डॉक्टरेट योग्यता यानी डीएम। (ख) पेडियाट्रिक्स (विशेषज्ञ) विषय में स्नातकोत्तर योग्यता यानी एमडी या समकक्ष।

● **आयु सीमा :** 30 से 64 वर्ष के बीच।

● **कार्यकाल:** नियुक्ति का अनुबंध प्रारंभ में 30.06.2024 तक होगा जो वार्षिक आधार पर नवीनीकरण/विस्तार के अधीन है।

● नियम एवं शर्तों के साथ विस्तृत विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र का प्रारूप, संलग्नक आदि दक्षिण पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर **'न्यूज एंड रिक्रूटमेंट इंफो'** शीर्षक के तहत उपलब्ध हैं। आवेदन चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल हॉस्पिटल, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 या ईमेल आईडी md@ser.railnet.gov.in पर **02.05.2024** तक जमा किए जा सकते हैं।

(PR-46) **चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डनरीच**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

उलगुलान रैली मे जुटेंगे इंडी गठबंधन के सभी बडे नेता : सुप्रियो

रांची – 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को लेकर आज कांग्रेस भवन, रॉची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस संवाददाता सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पाण्डेंय, राजद से कैलाश यादव, भाकपा माले से नदीम खान, आप से रोहित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी. साथ ही कहा कि अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा. उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल झारखंड की बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी. झारखंड संघर्षों की भूमि रही है. इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी। मीडिया को सम्बोधित करते हुए झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियोग भटट्ाचार्य ने कहा कि राजधानी में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में जेएमएम की न्याय उलगुलान महारैली होने वाली है. इसके लिए इंडी गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है. जिसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी भी इस महारैली में जुटेंगे। इसके अलावा आप नेता संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है. उद्धव ठाकरे की ओर से प्रियंका चतुर्वेदी भी इस महारैली में शामिल होगी. जबकि नेशनल कांफ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला एवं माले के दीपकंर भटट्ाचार्य भी इसमें शामिल होंगे।

झारखण्ड अग्निशमन सेवा

अपार्टमेन्ट निर्माता/क्रेता कृपया ध्यान दें।

क्या आपके भवन में :–

▶ भागने के लिए सुरक्षित वैकल्पिक सीढ़ियों की व्यवस्था है ?
▶ आपातकालीन सूचना देने वाले यंत्र लगे हैं ?
▶ अग्निशमन हेतु होजरील एवं हाइड्रैण्ट लगे हुए हैं ?
▶ यदि लगे हुए हैं तो क्या ये कार्य के लायक हैं ?
▶ स्टेयरकेश लॉबी में फायर चेक डोर है ?
▶ सुरक्षित रिफ्यूज एरिया है ?
▶ आपके भवन तक अग्निशामक गाड़ियों के पहुँचने का रास्ता है ?
▶ अग्निशमन हेतु पर्याप्त जल भंडारण एवं पंपिग की व्यवस्था है ?
▶ वैकल्पिक पावर की व्यवस्था है ?
▶ फायर सर्विस इनलेट है ?
▶ बेसमेंट में स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम लगे हैं ?
▶ भवन में तड़ित चालक लगे हैं ?
▶ क्या आपके भवन के सामने अग्निशमन/रेस्क्यू वाहनों को खड़ी करने के लिए 12 मीटर चौड़ी, ठोस एवं खुली समतल जगह उपलब्ध है ?

यदि नहीं, तो आप खतरे में हैं।
अग्नि सुरक्षा अपनायें, खतरों से बचें।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, रॉची

PR 323844 Jharkhand Fire Service(24-25).D

भाजपा से लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण पर खतरा : बंधु तिर्की

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र चान्हो, बेड़ो एवं लापुंग में ग्रामीणों के साथ सघन जनसंपर्क

रांची = पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार सत्ता में लौटी तो इससे हमारे संविधान और लोकतान्त्रिक व्यवस्था पर खतरा है. श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा और उसके नेता मौजूदा आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की साज़िश कर रहे हैं और वे केवल मौका का इंतजार कर रहे हैं जो पूरी तरह से समाज विरोधी एवं देश विरोधी कृत्य होगा. आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र चान्हो, बेड़ो एवं लापुंग में ग्रामीणों के साथ सघन जनसंपर्क के दौरान श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस केवल आदिवासियों, मूलवासियों, अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिये ही नहीं बल्कि झारखण्ड के एक-एक व्यक्ति के लिये कांग्रेस पूरी तरीके से संकल्पित है और सिर्फ कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन ही सही अर्थो में आम लोगों का हित चाहता है.

श्री तिर्की ने कहा कि मणिपुर एवं मध्य प्रदेश में आदिवासियों के अपमान, श्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के दौरान आदिवासी महिला राष्ट्रपति के अपमान, श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रपति महोदया को न बुलाने जैसे कार्यों से साबित हो चुका है कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी किस मानसिकता से काम करते हैं.

श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा और मोदी काम करने के बदले केवल भावनात्मक मुद्दों को उछालकर और लोगों को बांटनकर शासन करना चाहते हैं जो देश के लिये पूरी तरह से गलत है.

श्री तिर्की ने कहा कि महँगाई और बेरोजगारी के मामले में भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा सामने आ चुका है. श्री तिर्की ने ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव में सारी स्थितियों पर सोच-समझने के बाद निर्णय लेने और अपने मत का प्रयोग कांग्रेस के पक्ष में करने की अपील की. उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के दस साल के काम से किसान, युवा, महिला अर्थात समाज का सभी वर्ग गुस्से में है और अगले चुनाव में इसका पता चल जायेगा.

आज के जनसम्पर्क अभियान में श्री तिर्की के साथ ही चान्हो, बेड़ो एवं लापुंग प्रखण्ड कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता शामिल थे.

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से मिला ओबीसी मोर्चा

रांची =कोई भी राजनीतिक दल जब अपराधी को राजनीतिक संरक्षण देता है तो समाज में इसका परिणाम बहुत बुरा होता है। परोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। ज्ञात हो कि कल रात्रि में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के साथ आजसू समर्थकों के द्वारा बरकाकाना रामनवमी के पंडाल में दुर्व्यवहार किया गया है और उनके पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट भी की गई है।जो गंभीर चिंता का विषय है। धार्मिक पंडाल में इस तरह का एक जनप्रतिनिधि और पुलिस कर्मियोके साथ सरेआम अपराधिक कार्य करना समाज में और बड़ा अपराध के लिए रास्ता खोलना है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष संजीत चौरसिया ने आज धुर्वा स्थित विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर मिलकर उनसे वहां घटित घटना की जानकारी लिया और उनकी कुशल छेम पूछी। इस घटना की निंदा करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संजीत चौरसिया, उमेश जायसवाल, महासचिव अजय मेहता, विष्णु कुमार, अजय मंडल, विनय चंद्रवंशी, राम लखन साहू,,आनंद कुमार, शुभम विश्वकर्मा, राम लखन यादव, राजू गुप्ता, शिवप्रसाद साहू, अशोक सक्सेना का नाम शामिल है।

झामुमो नेता अंतू तिर्की व तीन अन्य पांच दिन के ईडी रिमांड पर

रांची=पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा केस में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों की ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को चारों आरोपितों अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पांच दिन के ईडी के रिमांड पर भेज दिया। इससे पूर्व बुधवार को ईडी ने चारों को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया था। उन्होंने चारों को जेल भेज दिया था। ईडी ने गुरुवार को अदालत से सात दिन के रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिन की डिमांड की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि ईडी मंगलवार को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देरशाम ईडी ऑफिस लेकर पहुंची थी, जहां उन्हें देररात गिरफ्तार कर लिया गया था।

ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री मामले में तीन गिरफ्तार, दो लाख का ब्राउन शुगर बरामद

रांची =रांची के खेलगांव थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री करने के मामले में सुमन कुमार, ऋषिकेश कुमार पाहन और अभिषेक रंजन को गिरफ्तार है। इनके पास से 16.27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत दो लाख बताई गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खेलगांव थाना क्षेत्र के राम दयाल मुण्डा कला केन्द्र खेलगांव के पास ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम जैसे ही उक्त स्थान के पास पहुंची तो पुलिस को आता देख चार लड़के भागने लगे। टीम ने तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा । जांच के दौरान इनके पास से बाउन शुगर बरामद किया गया। एक फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मतदाता सूची में 65 विद्यार्थियों ने दर्ज कराया अपना नाम

रांची =रांची के गोस्सनर कॉलेज में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें 65 विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ति ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान हर व्यक्ति को करना चाहिए। मतदान करने से हम सही उम्मीदवार चुन सकते हैं जो देश को तरक्की की ओर ले जाएं। मौके पर नोडल ऑफिसर डॉ. एस.के. सिन्हा और एन.एस.एस. ऑफिसर अनिता अंजू खेस, अनुभा दीप, सूरज रजक, आशा केरकेट्टा सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में सीआईडी डीजी हाई कोर्ट में हुए हाजिर

बताया- गुमशुदा दोनों बच्चों को आधार कार्ड के बायोमेट्रिक के आधार पर खोजना संभव नहीं

रांची = साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में सीआईडी डीजी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना उपलब्ध कराना संभव नहीं है, यह काफी जटिल प्रक्रिया है। जिस समय ये दोनों बच्चे गायब हुए थे उस समय उनकी उम्र काफी कम थी। ऐसे में आधार कार्ड के बायोमेट्रिक के आधार पर उनको खोजना संभव नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सविता कुमारी ने पैरवी की। इससे पहले मामले के अनुसंधानकर्ता भी कोर्ट में उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून निर्धारित की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव साह एवं पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उल्लेखनीय है कि कुलदेव साह व वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

जेसीआई रांची ने वितरण किया तरबूज़, शरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम

रांची = जेसीआई रांची ने रामनवमी के उपलक्ष्य पर तरबूज़, शरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम का वितरण किया। दिन की सुरुआत महावीर चौक पर झंडा पूजन कर किया उसके पश्चात दिन से ही सर्जना चौक के समीप कैंप में राम भक्तो के बीच ताज़ा तरबूज़, शरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम का वितरण किया। हजारों की संख्यां में मौजुद सभी राम भक्तो का स्वागत किया गया। संस्था के सदस्य, महिलाएं एवं बच्चो की मौजूदगी में सभी झांकियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य जालान, सुमित केडिया, पीयूष सरावगी एवं रजत साबु ने किया। राम भक्तों के सेवा के लिए जेसीआई राँची की ऐम्ब्युलन्स भी सेवा में रखी गयी थी । मौके पर जेसीआई राँची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दामोदर अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनीष रामसिसरिया, अमित खोवाल, नीरज पोद्दार, नवीन गरोड़िया, संजय शर्मा आदि मौजुद थे.

रिश्वत मामले में रेलीगढ़ा परियोजना रामगढ़ के यूडीसी क्लर्क को तीन साल की सजा

रांची =सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के आरोपित रामगढ़ के रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

सीबीआई टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। नोनिया ने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि और इन्क्रिमेंट के एरियर बनाने एवं भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीबीआई ने सिंगराई मुंडा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से आठ गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ओजस' और' प्रवाह' समारोह का आयोजन

'समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया

रांची =सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस, और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। 'प्रवाह' अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ़ संकल्प के बल पर हर दिन विद्यालय पहुंचे। लगातार तीन वर्षों तक 100: उपस्थिति वाले छात्रों को 'हैट्रिक उपस्थिति' के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकगण भी उपस्थित थे जो इस समारोह के साक्षी बनें। समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की और अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे भी भविष्य में ऐसे पुरस्कार के हकदार बनें।

श्री महावीर मंडल (केंद्रीय समिति) रांची ने श्री रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए श्री राम भक्तों का किया आभार व्यक्त

रांची =श्री महावीर मंडल (केंद्रीय समिति) रांची ने श्री रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए श्री राम भक्तों का आभार व्यक्त किया है।

मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने श्री राम भक्तों को रामनवमी महोत्सव की अपार सफलता, शोभायात्रा के सफल संचालन ,अद्भुत अलौकिक झांकियां के लिए, अस्त्र-शस्त्र की प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए, शोभा यात्रा में शामिल झंडाधारीयो के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कल की श्री रामनवमी महोत्सव की शोभायात्रा श्री राम भक्तों के सहयोग से निकाली जाने वाली शोभायात्रा एक ऐतिहासिक शोभायात्रा थी ।

श्री राम के भक्त विभिन्न विभिन्न टोलों से कई महल्लो से निकलकर श्री राम के जयकारों के संग चलते हुए तय समय पर फिरायालाल में इकट्ठा होकर वहां से तपोवन के लिए प्रस्थान किया।

पूरे रास्ते शोभायात्रा के स्वागत में अपनी सेवा अर्पित करने वाले सभी समितियां, अखाड़ा , सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के संग ब्यापारिक संस्थाओ ने जगह-जगह श्री राम भक्तों को प्रसाद की सेवा, चना, बुंदिया, शुद्ध जल,शरबत,टॉफी, फरूटी ,सहित फल की सेवा देने का पुनीत कार्य मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित की हम उनका भी आभार प्रगट करते है उन्हें साधुवाद देते है। इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने में आपकी भूमिका सर्वोपरि रही है ।

शहर के माननीय उपायुक्त, सीनियर एस पी , सिटी एस पी ,ट्रैफिक एसपी, सहित सदर अनुमंडल पदाधिकारी संग स्थानीय थाना के सभी थाना प्रभारी सहित प्रशासक ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान समर्पित किया।

श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति ने इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए जिला प्रशासक को आभार जनित धन्यवाद प्रेषित किया । श्री चैती दुर्गा पूजा के शोभायात्रा का स्वागत ,अभिनंदन श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची ने महावीर चौक पर किया। महावीर चौक पर श्री चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा निकाले जाने वाली शोभायात्रा का स्वागत अभिनंदन केंद्रीय समिति, श्री महावीर मंडल, रांची द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री चेती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष शंकर दुबे, मंत्री गोपाल पारीक, माननीय पदाधिकारी किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारियो को अंग वस्त्र देकर अभिनंदन, स्वागत किया गया।

मंडल द्वारा इस अवसर पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सहित सौंफ, मिश्री, किशमिश, बादाम का प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा का स्वागत करने वालों में मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजासेन गुप्ता , राज किशोर, मंत्री दीपक ओझा, सह मंत्री गोपाल सोनी ,उदय रविदास ,कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा सहित काफी संख्या में लोग थे।

नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल की कैद

रांचीव= नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मिथुन बेदिया को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

पीड़िता ने अनगड़ा थाना में सात अप्रैल 2022 को आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक में कहा गया है कि शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने को कहा तो वह बाद में मुकर गया। प्राथमिकी दर्ज होने के दूसरे दिन आठ अप्रैल 2022 को अनगड़ा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता सहित पांच गवाहों की गवाही दर्ज की गई।

11वीं इमा कप शिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप 20 अप्रैल से : तैयारी पूरी

रांची = सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल कर रही है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी देते हुए बतलाया कि दो दिवसीय चलने वाली इस प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लें रहे हैं । खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चयन शिविर के आखिरी दिन बरियातू क्लब के 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 54 स्वर्ण पदक दाव पर होंगे। 5 साल से 45 साल तक के खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग एवं वज़न वर्ग के स्पर्धा में भाग लेंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 11=30 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव पूर्व उप महापौर एवं विशिष्ट अतिथि आईए जैकब प्रिंसिपल बिशप स्कूल के द्वारा किया जाएगा। बरियातू क्लब के चयनित खिलाड़ियों में एरिक अनमोल टुडु, मिशेल जसलीन खेस, मारिया लवलीन खेस, ब्रिस्टी मोनिका केरकेट्टा, एवेलिन जीवी हेमब्रोम, एंजलीना तिग्गा, अंश एंथॉनी मुंडारी, आन्य ट्विंकल कुजुर, प्रशी कुमारी, एरिक विहन एंथोनी सामद, चेरी जीवी हेमब्रोम शामिल हैं

इन्फिनिटी एकेडमी' का उदघाटन

रांची =रातु रोड इंद्रपुरी रोड नंबर 13 गोदावरी हाइट परिसर में इन्फिनिटी एकेडमी शिक्षण संस्थान का भव्य उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में झारखंड एसपी (एटीएस) ऋषभ कुमार झा, डॉ प्रकाश सिंह संस्थापक स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सचिव डॉ गंगेश गुंजन झा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलित करके संस्थान का उदघाटन किया। इस मौके पर इन्फिनिटी एकेडमी कि निर्देशिका स्नेहा झा ने बताया कि इस संस्थान में एक ही छत के नीचे विद्यार्थियो को यू पी एस सी, जे पी एस सी, रेलवे, एस एस सी, और विभिन्न सरकारी परीक्षाओ के लिए तैयार किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ मंजू सिंह, भव्या सिंह,आशुतोष द्विवेदी आदि कई लोग उपस्थित थे।

बाबूलाल मरांडी ने पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी

रांची = भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी है। उनके मुताबिक, संभव है कि सिंहभूम की सांसद और पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा पर पिछले दिनों हुए हमले की तरह सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं।

गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म %एक्स% पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा।

मीडिया में दुमका से झामुमो उम्मीदवार और विधायक नलिन सोरेन के उस बयान को लेकर छपी खबर पर उन्होंने चिंता जाहिर की है जिसमें नलिन ने झामुमो के विरोध में बोलने पर सीता सोरेन के साथ भी गीता जैसा हाल होने की चेतावनी दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का यह वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को भी उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है।

बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस और चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा है कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला उम्मीदवारों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही पराजय को दर्शाता है। चुनाव आयोग और पुलिस से आग्रह है कि गीता कोड़ा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी ना हो, इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राज्य के डीजीपी इस पर संज्ञान लें। पिछले दिनों सरायकेला जिले के मोहनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा के साथ ग्रामीणों की झड़प हो गयी थी। उन्हें एक घंटे से अधिक समय तक बंधक बना कर रखा था। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से उन्हें सुरक्षित निकाला गया था। इस मामले में भाजपा की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी।

सोढ़ में धूमधाम से मना मंडा पर्व, युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी हुए शामिल

रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मारंगमरचा पंचायत के सोढ़ में मंडा पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ विधानसभा के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना का पर्व मंडा हमारी प्राचीन धरोहर और पहचान है। इसे सहेज कर रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि मंडा सिर्फ एक त्योहार ही नहीं, बल्कि लोगों के मिलने-जुलने एवं सामाजिक एकता का मजबूत स्तंभ है। इस अवसर पर युवा आजसू रामगढ़ जिला के सह प्रभारी सुबीन तिवारी, आजसू अनुसूचित जाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष बिशु रजवार, छात्र नेता अरूण कुमार, विजय साव, कृष्णा कुमार, विक्की, विनय नायक, अनिरुद्ध कुशवाहा, नीरज नायक, मंडा पूजा समिति के राजेश महतो, आलेश महतो, कमलेश महतो, किस्टो महतो, शत्रुघ्न महतो, मोतीलाल महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

गोला स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर की प्रतिमा का हुआ विसर्जन, भक्तों ने नम आंखों से दी मां को विदाई

गोला। गोला, चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में चैती दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इसी क्रम में गोला स्थित श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का गुरूवार को विसर्जन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा को रजरप्पा रोड, कुसुमडीह से होकर मेन रोड से गोला डीवीसी चौक होते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कराने के पश्चात रात्रि में कालीनाथ चौक स्थित तालाब में विसर्जन किया गया। इससे पूर्व विसर्जन के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से आशीर्वाद लेते हुए सुख-समृद्धि की कामना की और मां दुर्गे को नम आंखों से भावभीनी विदाई दी।

सड़क पर उतरे राम भक्त, पारंपरिक शस्त्रों के साथ झूमते गाते नजर आए

रामनवमी पूजा महासमिति और श्री राम सेना ने झांकी और अखाड़े के सदस्यों को किया सम्मानित

रामगढ़। जिले में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार संपन्न हुआ। सड़कों पर उतरे राम भक्त पारंपरिक शस्त्रों के साथ झूमते गाते नजर आए। स्थाई और चलंत झांकियों में भगवान राम और बजरंगबली की छवि दिखाई दी। कलाकारों ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। पूरी रात धार्मिक गानों पर लोग झूमते रहे। कहीं भगवान शंकर का अघोर नृत्य, तो कहीं शस्त्र प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। चट्टी बाजार सत्यनारायण मंदिर के समीप छऊ नृत्य के माध्यम से भगवान राम की विजय गाथा लोगों को दिखाई गई। इसे देखने के लिए लाखों लोग पहुंचे। रास्ते पर चलंत झांकियों और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

रामनवमी पूजा महासमिति और श्री राम सेवा ने लोगों को किया सम्मानित : महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा और श्री राम सेवा के अध्यक्ष विशाल जायसवाल के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने झांकियों और श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए अपने वोलेंटियर को बगड़िया कॉम्प्लेक्स स्थित मंच के आस पास तैनात कर रखा था। पूरे जिले भर की झांकियों के अध्यक्ष और सचिव को बारी बारी महासमिति के पदाधिकारियों ने भगवा अंगवस्त्र, पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया। महासमिति के मंच पर जिले भर के कई नेता और जाने माने व्यवसाई, पत्रकार, प्रसासनिक अधिकारी एवं समाजसेवियों का भी स्वागत किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से आरएसएस के जिला संघचालक शत्रुघ्न प्रसाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष सह संरक्षक प्रवीण मेहता, रंजित पांडे, व्यवसाई कमल बगड़िया, रंजन फौजी, बिमल बुधिया, प्रोस़ंजय सिंह, वसुध तिवारी, विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख सह प्राचार्य सिंधु झा, अनिल विश्वकर्मा, अमितेश प्रकाश इत्यादि को भी महासमिति ने अंगवस्त्र और तलवार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

रामनवमी में दिखा शस्त्र प्रदर्शन और करतब : रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि भव्यतापूर्ण आयोजन को संपन्न करवाने का श्रेय महासमिति के सभी पदाधिकारियों को जाता है। धर्म और आस्था के प्रतीक श्रीराम जी को समर्पित रामनवमी में विभिन्न अखाड़ों के द्वारा शस्त्र प्रदर्शन और करतब देखने को मिला। पुलिस प्रशासन का भी उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतना बड़ा आयोजन को सुचारू और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने में उनका प्रयास और सहयोग सराहनीय है। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देने वालों में महासमिति के संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा, छोटू सिंह, महासचिव संतोष नायक कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा, सत्यजीत चौधरी, प्रवीण कुमार सोनू, ब्रजेश पाठक, धीरज साहू सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्री रामचंद्र जी के आदर्शों को हम सभी को अपनाना चाहिए:सुनिता : शहर के विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आयोजित स्थाई झांकी देखने पहुंची विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह पवित्र दिन आया है कि अयोध्या में प्रभु श्री राम जी अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कृपा से हम सभी को जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य की प्राप्ति हो, हम सभी को उनके आदर्श को अपनाना चाहिए। वही, पूजा समिति और अखाड़े के द्वारा विधायक सुनीता चौधरी को तलवार और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया विश्व विरासत दिवस, दी गई जानकारी

किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर होती है अमूल्य संस्कृति:एसके चौधरी

भुरकुंडा। पटेलनगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में गुरुवार को विश्व विरासत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को इसके महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही विरासत पर आधारित चित्रांकन, भाषण एवं वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक एकेडमिक एसके चौधरी ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, उसकी सभ्यता की जानकारी इन्हीं विरासतों से पता चलती है। विरासत दिवस मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। उन्होंने कहा कि विरासत अतीत का खजाना है। आनेवाली पीढ़ी के लिए इसका संरक्षण करना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। अपनी ऐतिहासिक इमारतों, संस्कृति, धरोहरों और स्मारकों की खूबसूरती को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। श्री चौधरी ने कहा कि ये इमारतें या धरोहर हमें हजारों वर्ष पहले के इतिहास की झलक दिखाती हैं। इन्हें बचाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को इनके महत्व के बारे में बता सकते हैं। शिक्षिका साधना सिन्हा ने कहा कि आज ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहरों को कई तरह से नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषण, अम्लीय वर्षा, देखभाल का अभाव, लोगों द्वारा घूमने के दौरान दीवारों पर लिख देने आदि के कारण इनकी खूबसूरती प्रभावित हो रही है। वहीं वर्ग पहेली प्रतियोगिता में अंकित चौधरी, शुभम सिंह, अदिति कुमारी, सानिया परवीन,संजीव कुमार मेहता, सुमित मुंडा विजयी घोषित किये गए।

मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के संस्थापक की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई



गोला। मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के संस्थापक सचिव स्व.रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू की 22वीं पुण्यतिथि गुरूवार को महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके पौत्र सह कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सुजीत सिन्हा ने कहा कि पुलिस इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू का एक ही लक्ष्य था कि किस तरह से इस पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रयास के तहत उन्होंने अपने निजी मकान में हीं मां छिन्नमस्ता कॉलेज की नींव रखी। बाद में 2004 में इसे मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज का नया नाम दिया गया। उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब, मेधावी छात्र-छात्राओं को काफी सहयोग किया। वो जिस थाने में पदस्थापित रहे, वहां के शैक्षणिक संस्थानों को स्थापित करने या करवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके उदाहरण स्वरूप चाकुलिया, निरसा (धनबाद) और झुमरीतिलैया (कोडरमा) है। निःशुल्क शिक्षा के प्रति वे कृतसंकल्प थे, इसलिए उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद देकर उनके शिक्षारुपी रथ को रूकने नहीं दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य भोला महथा, वरीय व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, प्रभात कुमार, संजीव कुमार सिन्हा, महरू रजवार एवं दिलीप रजवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

डीएवी के प्राचार्य से प्रदेश अध्यक्ष ने की औपचारिक मुलाकात

बरकाकाना। झारखंड आदिम जनजाति विकास समिति प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार अगरिया गुरुवार को डीएवी बरकाकाना में नव पदस्थापित प्रिंसिपल मो मुस्तफा मजीद से औपचारिक मुलाकत किया। इस दौरान नए प्राचार्य को बुके देकर सम्मानित किया गया। मुलाकत के दौरान जनजाति और आदिम जनजाति शिक्षा के अधिकार अधिनियम आरटीआई-2009 एवं निजी स्कूल में 25 प्रतिशत बीपीएल बच्चों के नामांकन पर चर्चा किया गया। प्राचार्य ने आश्वासत किया कि नई शिक्षा नीति का पालन सख्ती किया जाएगा। मौके पर सतपाल बोहरा, समाजसेवी डॉ अमरजीत कुमार उपस्थित थे।

अंतर जिला क्रिकेट लीग में जमशेदपुर ने पाकुड़ को 5 रन से हराया

जमशेदपुर के श्रेष्ठ चौहान बने मैन ऑफ द मैच

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर-16 का मैच रामगढ़ के सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। गुरुवार का मैच पाकुड़ बनाम जमशेदपुर के बीच खेला गया। जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के मैच में 182 ओवर में 81/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें रुद्र कुमार मुखी 27 रन ही बनाये। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जय रजक 6 ओवर में 20/6 विकेट प्रियांशु 62 ओवर 23/4 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ की टीम ने 27.1 ओवर में 76/10 ऑल आउट हो गई। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज श्रेठ चौहान को 10 ओवर 30/4 विकेट मिला। शिवम मुखी 10 ओवर 18/3 एवं 6.1 ओवर 22/3 विकेट, जमशेदपुर 5 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर मो उजैर तथा अजमल हुसैन थे, जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया। मैच ऑब्जर्बर डलिया राव तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी श्रेस्ठ चौहान को भेंट किया।

महावीर मंडल अखाड़ा समिति ने बरकाकाना थाने में दिया आवेदन

धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाना चाहती है विधायक अंबा:दिलीप दांगी

रामगढ़। रामनवमी पूजा के जुलूस में विधायक अंबा प्रसाद और उनके अंगरक्षकों के साथ हुई हाथापाई का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। एक तरफ महावीर मंडल अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर विधायक पर दंगा करवाने का आरोप लगवाए है, तो दूसरी तरफ आजसू जिलाध्यक्ष ने भी विधायक पर धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाने का आरोप लगाया है।

समिति ने यह लिखा है अपने आवेदन में : पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति, नया नगर बरकाकाना में बीते लगभग 40-42 वर्षों से रामनवमी जुलुस का मिलन तथा अखाड़ा लगाया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में दुर्गी व घुटूवा गांव के साथ-साथ नया नगर बरकाकाना के अखाड़ा समिति के लोग पारंपरिक खेल तथा पौराणिक कथा पर आधारित झांकी प्रस्तुत

की जाती रही है। वर्षो से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरकाकाना ओपी प्रभारी, स्थानीय केंद्रीय कर्मशाला के पदाधिकारी व स्थानीय लोग होते है। बुधवार की रात श्री श्री दुर्गा पूजा मंडप के मंच पर इसी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। मंच पर बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, वार्ड पार्षद गीता देवी, डॉ मनोज

कुमार अगरिया, सतपाल बोहरा, प्रदीप चक्रवर्ती, रंजीत राम, संजय लाला आदि संचालन समिति के कई लोग मौजूद थे। इसी अखाड़ा में बिना किसी आमंत्रण और सूचना के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद अपने समर्थक संजय शर्मा, जय सिंह और अपने अंगरक्षकों के साथ आयोजन स्थल पर पहुंच गयी। बिना आमंत्रण बिना सूचना के पहुचने पर उन्हें सम्मान के साथ बैठाया गया। अचानक विधायक व उनके समर्थक संजय शर्मा के द्वारा दबंगई करते हुए जबरन माइक की मांग की जाने लगी। आचार संहिता को देखते हुए धार्मिक मंच पर राजनीतिक लोगों की उपस्थिति तथा माइक की मांग पर उहापोह की स्थिति बन गयी। इसके बाद विद्यायक अम्बा प्रसाद द्वारा भाषण देने के लिए माइक की मांग की गई।जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा विधायक से आग्रह किया गया कि कुछ ही देर में आपके द्वारा ही पुरूस्कार वितरण करा कर आपका संबोधन ससम्मान कराया जायेगा। इसी बीच उनके साथ आये संजय शर्मा के कहने पर जय सिंह द्वारा संचालक से झपट कर माइक छीन लिया तथा संचालक से मारपीट कर उसे धक्का दे दिया गया, जिससे माहौल बिगड़ने लगा। विधायक के समर्थकों द्वारा बेवजह धक्का मुक्की एवं अभद्र का प्रयोग करने का कुछ लोगों ने विरोध किया और विधायक से आग्रह किया कि धार्मिक मंच का उपयोग राजनीति के लिए ना करे। विधयाक के इशारे पर जय सिंह पिता स्व. ललन सिंह ग्राम पंचायत एके कोलियरी, सेंट्रल सौंदा, थाना पतरातू जिला रामगढ और संजय शर्मा पिता स्वऱामाधार सिंह सीसीएल कॉलोनी निवासी (सीसीएल कर्मी) थाना पतरातू जिला रामगढ द्वारा वहाँ मौजूद सभी लोगों के साथ गाली गलौज और मार-पीट की गई। इस घटना के बाद पूरे कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो गया। काफी प्रयास के बाद मामले को शान्त कराया। इसबीच विधायक अपने अंगरक्षकों के साथ मंच से निचे उतर कर लोगो का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम स्थल से चली गई। जिसके बाद पुरुकार वितरण कर कार्यक्रम शांति पूर्ण समापन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को विधायक अम्बा प्रसाद और उनके समर्थकों द्वारा जानबूझकर कार्यक्रम को खराब करने और दंगा करवाने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया गया है। पहली बार विधायक की मनमानी, उनके समर्थकों की दबंगयी के कारण शांति व्यवस्था भंग हुई है। विधायक अंबा प्रसाद अगर चाहती तो इस तरह की घटना नहीं घटती। विधायक ने खुद माहौल को खराब कर और अपने कार्यकताओं के द्वारा संचालन समिति के कार्यकताओं पर हमला करवाने की कोशिश की है।

धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाना चाहती है विधायक अंबा:दिलीप दांगी : आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने बयान जारी कर कहा कि धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच विधायक अंबा प्रसाद बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि विधायक अम्बा प्रसाद अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रही है। उनकी गुंडा गर्दी से साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस के सभी नेता रामलला के विरोधी है। विधायक अम्बा प्रसाद आजसू पार्टी के कार्यकताओं पर लगातार झूठे आरोप में केश करती है। इसी प्रकार सरस्वती पूजा के दिन केरेडारी के एक पूजा पंडाल में जाकर जबरन अपना राजनीतिक रोटी सेकना चाहती थी। कई योजनाओं के शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तक विधायक के कई विवाद समाचार पत्रों की सुर्खियां बन चुकी हैं। हाल में चैक डैम की योजना को लेकर सिधवार में विधायक को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा है। विधायक के रवैये से पूरा विधानसभा के लोग वाकिफ हैं।

नावाडीह में तीन दिवसीय यज्ञ प्रारंभ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता सतगावां प्रखंड के नावाडीह पंचायत के मुखिया सुनीता कुमारी एवं उनके सपरिवार के द्वारा गुरुवार से यज्ञ का शुरुआत किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला परिषद नीतू कुमारी एवं उपप्रमुख मनोज कुमार निराला जी शामिल हुए। वही यज्ञ शुरुआत होना से पहले नावाडीह से कलश यात्रा निकाला गया।यह कलश यात्रा नावाडीह ,बाद,टेहरो कलीडीह हलकुशा मेन रोड होते हुए सकरी नदी में जाकर जल को भरा गया। जहां मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर 51कलश में जल को भरा गया।उसके बाद सकरी नदी पुल के नीचे से होते बीच गांव होते मंडप में जाकर पूजा अर्चना करने के पश्चात पूजा स्थल पर कलश को लाकर स्थापित किया गया।वही इस कलश यात्रा भ्रमण के दौरान डीजे, गाजे एवं बाजे के साथ पूरे वातावरण जय श्रीराम के जयकारे के साथ भक्तिमय हो गया।यह रामायण पाठ गुरूवार से शुरू होकर शनिवार को भंडारे के साथ समाप्त किया जायेगा।बताया जाता है कि नावाडीह मुखिया सुनीता देवी के सभी परिवार संयुक्त रह रहे थे तो सभी लोगों के कुल देवता एक ही घर में थे।परिवार लंबा होने के कारण सभी लोगों ने अपने अपने घर को बनाये। पौराणिक परंपरा कै अनुसार घर बनने के बाद नये घर में गृहप्रवेश किया जाता है जिसके अनुसार सभी लोगों ने अपने कुल देवता को घर में स्थापित करने के लिए गुरुवार से यज्ञ का शुरुआत किया गया।

रामनवमी महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन, लोचनपुर की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा – रामनवमी के अवसर पर बुधवार को कोडरमा रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में आयोजित रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री रामनवमी के मौके पर कोडरमा के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण की मुख्य केंद्र रही। सर्व विदित है कि कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में रामनवमी महासमिति कोडरमा के द्वारा वर्षो से अखाड़ा समितियों का स्वागत अभिनंदन एवं शौर्य प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया जाता आ रहा है। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियां निकाली गई। उद्घाटन समारोह में बतौर उद्घाटन कर्ता महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार झुन्नू, विषय प्रवेश प्रवीण चंद्रा, जबकि संचालन अजय पांडेय ने किया। उपस्थित जनसमूह को महामंडलेश्वर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू धर्म में रामनवमी के दिन का दिन बहुत शुभ माना गया है।इस बार की रामनवमी और भी खास होने वाली है, क्योंकि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर बहुत ही शुभ योग का निर्माण हुआ है, जो लोगो में नई उत्साह और ऊर्जा

का संचार करेगा। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए लोगो को रामनवमी की शुभकामना दी। श्री रामनवमी के मौके पर महावीरी झंडा मिलान को लेकर विभिन्न अखाड़ों से हजारों की संख्या में विशाल जुलूस एवं भव्य झांकियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। विभिन्न अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। पुष्प वर्षा कर प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ महा समिति के द्वारा उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया।

महासमिति के द्वारा आंगतुक अतिथियों एवं विभिन्न अखाड़ों से आए अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष को अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत संध्या 6ः00 बजे आयोजित शौर्य प्रतियोगिता के आयोजन की रंगारंग शुरुआत हुई। विभिन्न अखाड़ों से आए सैकड़ों युवाओं ने जय श्री राम की धुन और प्रभु श्रीराम के जयकारों के बीच शस्त्र प्रदर्शन किया। देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अपार जनसमूह ने बेहद ही शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद लिया। विधि व्यवस्था के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन काफी सक्रिय थी। कार्यक्रम स्थल पर स्वयं कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। महासमिति की ओर से आयोजन स्थल पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं थाना प्रभारी को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन के पूर्व निर्णायक मंडल के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में लाठी, तलवार, भाला, बामा, सामूहिक शस्त्र प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को लेकर अपना निर्णय प्रस्तुत किया। आगंतुक अतिथियों, महासमिति के पदाधिकारियों और निर्णायक मंडली के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियो को शील्ड एवं मैडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान लोचनपुर अखाड़ा कमेटी, द्वितीय फरेंदा और तृतीय पुरस्कार इंदरवा को मिला। वहीं लाठी ,तलवार,भाला बामा एवं अनुशासन को लेकर विभिन्न प्रतिभागियो को शील्ड एवं मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया मौके पर महासमिति के उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, अजीत वर्णवाल, सूर्यप्रताप यादव, सचिव प्रवीण पाण्डेय, महेश भारती, चंद्रवंशी दीपक नवीन, सुजीत सिंह, राजा सिंह, अक्षय वर्णवाल, आदित्य पाण्डेय, संतोष मालाकार, प्रभाकर सिंह, महेश यादव, सिकंदर दास, बादल सिंह, निर्णायक मंडली के जयप्रकाश राम बैजनाथ यादव, अजय झा, गोपाल यादव , दिनकर कृष्णा सहित शहर के गणमान्य समेत हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

पिपराडीह में बड़े ही धूमधाम से रामनवमी का जुलूस निकाला गया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह में रामनवमी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ जिला प्रशासन के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में जगह-जगह और मुख्य स्थलों एवं मार्गों में दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी साथ ही आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहे । प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी द्वारा त्यौहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है मौके पर महेश रविदास रामप्रसाद यादव रमेश यादव अजय कुमार वर्मा उमेश वर्मा अर्जुन वर्मा सोनू राणा किशोर दास सतीश राणा विजय वर्मा पप्पू वर्मा अनिल राणा राम प्रसाद वर्मा संतोष यादव मुकेश वर्मा विशाल शर्मा अजय वर्मा रामजी प्रसाद वर्मा अजीत यादव बबलू प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य भंडारा कार्यक्रम धूमधाम से हुआ संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा जिला अंतर्गत ग्राम दशारो प्राचीन दुर्गा मंडप एवं गायत्री मंदिर मे ग्रामीणों ने धूमधाम से पूजा अर्चना कर हर वर्ष भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है इस भंडारे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री शामिल हुई। मंत्री अन्नपूर्णा देवी प्राचीन दुर्गा माता के दर्शन कर भव्य भंडारे कार्यक्रम में शामिल हुई और प्रसाद ग्रहण किया। एवं क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एक साथ जिस प्रकार सभी लोग माता रानी का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, ठीक उसी प्रकार एक साथ मिल बैठकर घरों में भोजन करने से आपसी भाईचारा प्रेम की वृद्धि होती है । इस तरह का कार्यक्रम करने से लोगों में भक्ति की जागृति आती है एवं मंत्र उच्चारण के द्वारा इसकी ध्वनि जहां तक जाती है वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है। हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला बच्चे बूढ़े खीर पुरी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस भव्य भंडारे कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधायक निरा यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, संघ जिला कार्य वाह सुरेंद्र प्रताप सिंह, रामनवमी पूजा अध्यक्ष अरुण यादव, सचिव चंद्र देव यादव, कोषाध्यक्ष सुनील राणा, उमा यादव, पूजा प्रभारी लक्ष्मण रजक, पंचायत समिति सदस्य जाकिर हुसैन, मुबारक अंसारी, कयूम अंसारी, शिक्षक मुकेश यादव, , अनिल यादव, काफी संख्या में ग्रामीण महिला बच्चे पूजा कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

डोमचांच प्रभु श्री राम लक्ष्मण और माता सीता की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच प्रखंड क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों, गांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें भगवान राम लक्ष्मण एवं माता सीता का झांकी निकाली गई। जिसमे सभी रैली की अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष ने कहा की बड़े ही मन से सभी वर्गो बच्चे ,बड़े , महिलाए इस कार्यकर्म में भाग लेकर शांति पूर्वक सहयोग किया तभी जा के इस तरह का कार्यकर्म सफल हो पाया आने वाला साल हम सभी के द्वारा इससे भी बड़ा और सुंदर झांकी प्रस्तुत करेंगे वही कार्यकर्म के अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, दीपक सिंह,विक्की सिंह,अजीत राणा,मन्नू सिंह, प्रिंस सिंह,दीपू राणा,राजेश सिंह,सुनील चौधरी,पिंटू राणा,चंदन सिंह,बबलू पांडे,अभिषेक सिंह,रविंद्र सिंह, भीम सिंह,राजा बाबू,मनोज सिंह,लक्ष्मण यादव,रोहित राम,बिंदु सिंह,वीना यादव,केशव सिंह, करण सिंह के साथ साथ पंचायत के सभी सदस्य शामिल हो कर भगवान श्री राम के नारों के साथ राम मय हो गए।

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन का चुनाव संचालन समिति का गठन

राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव संयोजक, जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान और सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक बने सह संयोजक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबन्धन ने जिलास्तर पर चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, जेएमएम, कांग्रेस,भाकपा-माले, सीपीआई-सीपीएम, आप, भारत नौजवान सभा की संयुक्त बैठक में 38 सदस्यी संचालन समिति की घोषणा की है। चुनाव संचालन समिति संयोजक की कमान राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव को सौंपी गई है।जबकि सह संयोजक की जिम्मेवारी जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान और सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक को बनाया गया है। इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन कोडरमा सीट पर मुस्तैदी से चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन के साथी सामंजस्य स्थापित कर चुनावी रणनीति धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ जनता का आक्रोश है और जनता बदलाव के पक्ष में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह को जिताने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा में राजद, कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा,सीपीएम-सीपीआई समेत आम आदमी पार्टी का अपना जनाधार है। गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जिलास्तर पर बनी रणनीति को हर बूथ तक ले जा रहें है। उन्होंने कहा कि जिलास्तर पर बनी चुनाव संचालन समिति टीम इंडिया के रूप में कार्य करेगी और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को कोडरमा विधानसभा से जीत सुनिश्चित कराएंगे।

38 सदस्यी चुनाव संचालन समिति

इंडिया गठबंधन के चुनाव संचालन समिति में संयोजक-रामधन यादव, सह संयोजक-वीरेंद्र पांडेय, भागीरथ पासवान, प्रकाश रजक होंगे। जबकि सदस्य में जेएमएम से श्यामदेव यादव, अशोक कुमार, गोपाल यादव, मो खलील, बैजनाथ महतो, राजद से अवधेश प्रसाद यादव, डॉ जावेद अख्तर, सरफराज नवाज, मनोज रजक,संजय दास,चरणजीत सिंह होंगे। वही भाकपा माले से राजेन्द्र मेहता, इब्राहिम अंसारी, भुनेश्वर केवट, विजय पासवान, संदीप कुमार, अशोक यादव, भारत नौजवान सभा से उदय दूबेदी, धीरज यादव, प्रेम पांडेय, विनोद विश्वकर्मा, आम आदमी पार्टी से दामोदर यादव, विनोद श्रीवास्तव, कांग्रेस से सईद नसीम, नागेश्वर राम, लीलावती मेहता, अर्चना सिंह, पवन सिंह, सीपीआई से महादेव राम, अर्जुन यादव, पुरूषोत्तम यादव, वीरेंद्र यादव, सीपीएम से असीम सरकार,रमेश प्रजापति का नाम बतौर सदस्य शामिल है।

बगडो रेनटांड अखाड़ा में रामनवमी का शोभा यात्रा शांति एवं सोहद्रपूर्ण रूप से हुआ सम्पन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच प्रखंड अंतर्गत ग्राम बगडो के रेनटांड अखाड़ा मे रामनवमी शोभा यात्रा शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से मनाया जा सके इसके लिए पुलिस बल ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी हुई थी7 बता दे की यहां पर कई गांवो जैसे काराखुट, बागडो, बिरजमू, खरकोटा आदि से रामनवमी का जुलूस मिलने आते हैं तथा राम प्रेमियों ने अपना प्रतिभा को भी वहां दिखाते हैं 7 शोभा यात्रा के दौरान कई युवाओं ने अपने कुशलता पूर्ण लाठी डंडों के खेल से लोगों का मन मोह लिया तथा यह दृश्य काफी आकर्षक रहा 7 साथ ही सार्वजनिक पूजा समिति बगडो के अध्यक्ष राजेंद्र यादव सचिन साहू कोषाध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में रामू राणा, अजय शर्मा, लक्ष्मण कुमार, पिंटू यादव फोदारी साह, बाजो साह, वीरेंद्र पंडित सूरज कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

00000000

मातृशक्ति को आत्मरक्षा से लेकर राष्ट्र सुरक्षा के लिए अखाड़ा समिति की शुरुआत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा– रामनवमी महासमिति के द्वारा महिला समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्षा महिला समिति का सुषमा सुमन को बनाया गया सुषमा सुमन ने सभी महासमिति सदस्य को धन्यवाद दिया और सुषमा सुमन ने मातृशक्ति को आत्मरक्षा से लेकर राष्ट्र सुरक्षा तक के नारी शक्ति का छुपा हुआ हुनर को आगे लाने के लिए एक अखाड़ा समिति का निर्माण किया जिसका नाम झांसी की रानी अखाड़ा समिति और यह समिति के द्वारा लाठी चलाने के लिए तलवार चलाने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर चलाया और यह सभी शिविर सुबह शाम दोनों टाइम चला इसमें सभी उम्र के लोग इस प्रशिक्षण में भाग लिए और 17 अप्रैल रामनवमी के दिन झंडा चौक पर बेटी से लेकर बहनों से लेकर मातृशक्ति तक सभी उम्र के नारी शक्ति ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कोडरमा जिला नहीं पूरे भारत में एक अच्छा संदेश दिया कि मैं अपना सुरक्षा के साथ राष्ट्र का भी सुरक्षा कर सकती हूं और सुषमा सुमन ने कड़ी मेहनत करते हुए और यह संदेश देते हुए बोला की जैसे योग को घर-घर पहुंचने का काम किया एक क्रांति आई उसी तरह पूरे जिले में हजारों लड़कियों को प्रशिक्षण देकर लाठी तलवार चलाने के लिए माहा क्रांति आएगी और यह अब रुकेगी नहीं कार्य प्रत्येक

रविवार को ट्रेनिंग चलेगी सूर्या होटल के पीछे योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की सभी बेटियों और बहनों और माता में एक नई जोश और उत्साह से भरी हुई थी इस कार्य में सहयोग देने वाले प्रशिक्षक आशीष घोष विजय बरनवाल मुरली मोदी सुभाष गुप्ता डॉ मनोज कुमार डॉक्टर जेपीएन बरनवाल पूर्व जिला न्यायाधीश श्री अर्जुन मोदी और प्रतिभागी भाग लेने वाले श्रीमती गायत्री देवी, राखी सिन्हा, सुहानी कुमारी, अन्वी कुमारी मोदी,प्राणिक कुमारी, एंजेल अनुसा, श्रेया कुमारी, निष्ठा मोदी, पूजा कुमारी, संस्कृति मोदी, पलक मोदी, आकृति सिन्हा ,कृति सुमन जूही सुमन, रौनक यादव, अशोक बरनवाल ,संगिनी कुमारी, श्रेयांश कुमारी, सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, पूजा कुमारी ,सोनिका देवी , यह प्रतिभागी लोग में झंडा चौक पर अच्छे प्रदर्शन करते हुए और झांकी मे शामिल होने वाले लक्ष्मी देवी सरिता बरनवाल ममता मोदी संगीता बरनवाल ललिता बरनवाल कविता बरनवाल नमिता बरनवाल शारदा देवी डॉ सीमा रीना देवी रीमा देवी कुसुम देवी नीलम देवी पम्मी देवी और सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की अगले साल और विराट रूप से कार्य की तैयारी होगी, एक ही नारा गूंज रही थी जय श्री राम जय श्री राम

भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

आर.के. सिन्हा

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं।

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहां की जनता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की ह्लसेवन सिस्टर्सह्व या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव

ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन -प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है ।

मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है । पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।

मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला। मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं । यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगे। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूर्वोत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आई है। यहाँ निवेश पहले से चार गुना अधिक हो रहा है। हाल ही में अरुणाचल में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला टनल का प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया और चीन को अपना इरादा बता दिया। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की गई है। 8 राज्यों में 200 से अधिक ह्यखेलो इंडिया सेंटरह्व बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लग यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत भाजपा को आगामी चुनाव में दिल खोलकर समर्थन देगा।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

संपादकीय

हथियार छोड़ने का समय

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलवादियों को मौत की नींद सुला दिया। सरकार की दृष्टि से सुरक्षा बलों का यह कारनामा इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि एक तो इसमें बड़ी संख्या में नक्सलवादियों को मारा गया है, और दूसरे, मारे गए नक्सलियों में उनके नामी गिरामी ईनामी कमांडर भी शामिल हैं। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान से पूर्व सुरक्षा बलों की इस सफलता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया करने वाले सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार देश को नक्सलवाद की बुराई से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे विचारधारात्मक धरातल पर एक बड़ी त्रासदी ही कहा जाएगा कि जो आंदोलन भारत के दबे-कुचले मानवीय समूहों को उनका हक तथा गरिमापूर्ण जीवन दिलाने के लिए पूंजीवाद, साम्राज्यवाद और सामंतवाद को सशस्त्र संघर्ष के बल पर उखाड़ फेंक देना चाहता था और शोषित-वंचित तबकों को जल, जंगल और जमीन और खनिज संपदा का आधिपत्य दिलाना चाहता था, अब वह अपनी समाप्ति की घड़ियां गिन रहा है। नक्सलवाद की आरंभिक सोच यही थी कि जिस तरह से सोवियत संघ में लेनिन के नेतृत्व में साम्यवादी क्रांति सफल हुई और उसके बाद जिस तरह से माओ-त्से-तुंग के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष के बल पर चीन में साम्यवादी सत्ता स्थापित हुई, उसी तरह भारत में भी की जा सकती है। इसी विचार को आधार बिंदु मानकर उन्होंने अपने संघर्ष को आगे बढ़ाया। कम्युनिस्ट समूहों में उग्र मतभेदों, टूट-फूट और विभाजनों के बावजूद देश के उन हिस्सों में जहां राज्य की भुजा आसानी से पहुंचने में सक्षम नहीं थी, वहां अपना प्रभाव भी बढ़ाया। एक समय ऐसा आया जब देश के दस राज्यों के 180 जिले नक्सलवाद से प्रभावित घोषित किए गए लेकिन नक्सलवादी नेतृत्व कभी भी ठीक प्रकार से यह नहीं समझ सका कि सोवियत संघ और चीन में जैसी आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों के बीच कम्युनिस्ट संघर्ष को सफलता मिली थी, भारत में वैसी परिस्थितियां नहीं थीं। भारत का समाज जाति, धर्म, क्षेत्र आदि जैसे विभाजनों से ग्रस्त था, उसमें इस विचारधारा के आगे पनपने की कोई गुंजाइश नहीं थी और परिणाम सामने है। बेहतर होगा कि नक्सलवादी अपने संघर्ष सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर करें ताकि जनता जागरूक हो सके और लोकतंत्र के भीतर ही जनता सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर पाए।

चिंतन-मनन

अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए।

कभी किसी को नहीं सताओ : धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मयार्दा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

गुप्तदान महादान : मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी।

मृत्यु से कोई नहीं बच पाया : धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता। अतः मनुष्य को कुछ न कुछ सत्कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य वही है, जिसमें विवेक, संयम, दान-शीलता, शील, दया और धर्म में प्रीति हो। संसार में सर्वमान्य यदि कोई है तो वह है मृत्यु। दुनिया में जो जन्मा है, वह एक न एक दिन अवश्य मरेगा। सृष्टि के आदिकाल से लेकर आज तक मृत्यु से कोई भी नहीं बच पाया।

हिन्दू नववर्ष में शांति से काम लें

संजय गोस्वामी

जैसा की मालूम होगा हिंदी कैलेंडर के अनुसार, चैत्र मास की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। इस बार हिंदू नववर्ष 09 अप्रैल 2024 से शुरू हुआ, जो विक्रम संवत 2081 के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैदिक मान्यता यह है कि स्वर्णिम देह भगवान ब्रह्मा जी ने आज ही सृष्टि रचना प्रारंभ की थी। जब ओंकार वाच्य परब्रह्म को विश्व रचने का संकल्प हुआ तो सबसे पहले हिरण्यमय ब्रह्मा का रूप धारण किया, इसीलिए कहा है, स वे शरीरी प्रथम। सबसे बड़ी शक्ति तो परब्रह्म या ब्रह्म ही है जिसका शाब्दिक अर्थ है जिससे बड़ा कोई न हो।यही कारण है ब्रह्म का साकार रूप ब्रह्मा है। वृद्ध रूप में वे हो ब्रह्मांड रूप परिवार के मुखिया अर्थात पितामह अर्थात इतने आदरणीय है कि पिता के भी पिता है। ब्रह्माजी ने ही सूर्य, चंद्र, पृथ्वी का सृजन कर उसे धारण किया है अतः उन्हें धाता कहा गया है। चाहे श्रमिक हो या चक्रवर्ती सम्राट ब्रह्मा जी के विधान से नहीं बच सकता। कहा भी है विधाता का विधान कोई टाल नहीं सकता। भविष्य पुराण अनुसार ब्रह्माजी के विधान को न तो भगवान विष्णु टाल सकते न परमेश्वर शिव ही।विश्व की रचना का कर्म करने कारण नहीं ही विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक श्लोक अनुसार अजन्मा प्रजापति ब्रह्मा बारंबार शिशु के रूप में जन्म ले रहे हैं, इस प्रकार सारे मनुष्यों को ब्रह्मा दशार्या गया है। यही कारण है कि स्कंद पुराण में स्वयं साक्षात शिव, जगदम्बा पार्वती से कहते हैं, ब्रह्मा के समान न तो देव, न गुरु और न ज्ञान है। विभिन्न धर्म ग्रंथों भविष्य पुराण, अग्नि पुराण आदि के अनुसार आज ब्रह्माजी की पूजा अर्चना का दिवस है। स्वर्णिम देह ब्रह्मा जी पूरे भारत को स्वर्णिम वैभव से पूरित है संवत्सर पर्व, नव वर्ष सभी के कल्याणकारी होता है यदि हम भगवान श्री राम के महत्व को जानते हैं तो क्योंकि रामनवमी भी इसी नवरात्र के अंत में आता है और कहा गया है अंत भला तो सब भला। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। इस नए संवत्सर 2081 की शुरूआत मंगलवार से हो गई इसलिए मंगल ग्रह ही इस वर्ष का राजा हैं । जबकि शनि देव इसके मंत्री होते हैं ।हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 9अप्रैल से शुरू हुआ । हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष आरंभ होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमते हुए सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र शुरू करती है तब हिंदू नववर्ष आता है। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। यह हिंदू नववर्ष अधिक खास है भारतीय के लिए, हम गुलामी की जंजीर में ऐसे जकड़े की अपना समय को भी अपने अनुसार नहीं ढाल पाएं और इसलिए लोगों की वैदिक अवधारण नस्ट हो रही है कोई राजनेता वो भी हेलीकाप्टर से मछली खाता है और सबों को नास्तिक बनाता है कभी बिहार में नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं किया जो शर्मनाक मकसद से बनाया गया जाति में बांटो औए वोट मजबूत करो लेकिन आप ऐ याद रखें जो अपनी आँखो से नहीं तो टीवी में देखा होगा आपको कभी हेलीकाप्टर पर बिठाया मोदी करेंगे कुछ वक़्त और मिलेगा तो नवभारत का निर्माण होगा और वैदिक विज्ञान से भारत को नई दिशा मिलेगी जो कहते हैं राम मंदिर उनका यानि बीजेपी वालों का हैं तो क्या हम बाबारी मस्जिद को लाएंगे यदि किसी ने भगवान राम को जन्मभूमि मान कर पूजन कर लिया तो क्या गलत है इसमें यानि यदि गलती से आप आयेंगे तो राम का नाम लेने पर बैन लगा देंगे साध्वी प्रज्ञा को जेल में फालतू डालकर आपने जो किया वही आपको दिशाहिन बना रहा है यदि उछलना नहीं है तो शांत मन एक बार अपनी गलती को समझने की कोशिश करें और सुधार करें यदि इसी तरह उछलते रहें तो लोकतंत्र में जनता आपको उछाल देगी।हर दिन और समय एक ही होता है वो पृथ्वी के घूमने से भगवान श्री राम में ही ऐसी ताकत हैं की उसे बदल भी सकते हैं और किसी में नहीं तभी तो हनुमानजी ने समय से आगे निकलकर भगवान लक्ष्मण के लिए लंका से हिमालय की दुरी कुछ ही घंटो में पूर्ण कर ली और स्वामी विवेकानंद ने तो राम को ईश्वर के समकक्ष माना है ऐ भी आप जानते होंगे की स्वामी विवकानंद ऐसा ज्ञानी पुरुष कोई नहीं हुआ जिन्होंने शिकागो में भारत का मस्तिष्क ऊँचा किया आप उनकी विरासत को मिट्टी में मिला रहे हो केवल नौकरी देना चुनाव का उद्घोष है तो गलत है संस्कार सबसे बड़ी चीज होती है और यही कारण है मंत्री जेल जा रहें हैं।

एनसीईआरटीः किताबों में बदलने लगा इतिहास

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ीमैन' के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में 'ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता' पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।

2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि



2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।

इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया।

हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है।

डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं।

प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले। भिन्न आकार-आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवांशिकी' के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है।

डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है।

बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल ह्यसप्त सिंधुह्व मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की तरह सबको प्रेम से साथ लेकर आगे बढ़ें - जय प्रकाश भाई पटेल

हजारीबाग – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कर रहे हैं। इसी क्रम में कल उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ के ग्राम बड़की टुंडी पोस्ट करमा में श्री श्री 1008 श्री हनुमान लला प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दिया। हनुमान जी से सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किए। उन्होंने कहा कि हम सबको राम जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। नफरत फैलाने वाले ताकतों से दूर रहकर आपसी प्रेम के साथ सबको साथ लेकर आगे बढ़ें।

उसके बाद जय प्रकाश भाई पटेल विभिन्न शादी समारोह में शामिल हुए। सबसे पहले उन्होंने मांडू में आयोजित देवघर विधायक नारायण दास के बहन की हल्दी समारोह में सम्मिलित हुए और सुखमय वैवाहिक जीवन की बधाई और आशीर्वाद दिया।

साथ ही मांडू पंचायत के करमा में रघुनंदन रविदास जी की बेटी की हल्दी समारोह में शामिल होकर आशीर्वाद दिया। अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के बाद वो रामगढ़ के मरार पंचायत में कांग्रेस पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजु वर्मा के आवास जाकर उनकी माता जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इसके अलावा कल उन्होंने लोकसभा के क्षेत्र के कई स्थानों में दौरा कर लोगों से जनसमर्थन मांगा। जनसंपर्क के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। उनके साथ जनसंपर्क अभियान में बालेश्वर महतो, सुखदेव यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कौमी एकता हमारी ताकत: सद्भावना मंच

कैरो/लोहरदगा: युवा सद्भावना मंच कैरो के बैनर तले सद्भावना मंच के सदस्य सह डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी कैरो के पदाधिकारियों ने भरत मिलाप यात्रा में रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों को गुलदस्ता व रामभक्तों का चना गुड़ के साथ स्वागत कर कौमी एकता का परिचय दिया. भरत मिलाप के अवसर पर कैरो में थाना मोड़ के समीप सद्भावना मंच से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्यी ने समाज को संदेश देते हुए कहा कि देश के सभी नागरिक कट्टर पंथ की विचारधारा से बाहर निकल कर लोगों को एक दुसरे के धर्म एव पंथ का सम्यक सम्मान करने की आवश्यकता है ताकि सभी समुदाय एंव वर्गों में सौहार्द की भावना का संचरण हो सके। मंच के सदस्य इमरान खान ने कहा कि एकता हमारी ताकत है धर्म हमें दया, करूणा, प्रेम, मानवता और भाईचरगी का संदेश देता है। सद्भावना दुत जावेद अख्तर ने कहा कि कौमी एकता ही हमारी देश की ताकत है, सद्भावना दुत जुबैर ने कहा हमारी भाईचरगी ही हिन्दुस्तान को सारे जहां से अच्छा बनाता है, सद्भावना दुत रिजवान अंसारी ने कहा कि रामनवमी मनाई जा रही है। सभी को शुभ कामनाएं ! मर्यादा, सदाचार, धैर्य, दयालुता, दृढ़ प्रतिज्ञा आदि गुणों के लिए राम जी को प्रारब्ध माना जाता है। उनके चरित्र ने केवल हिंदुओं को ही नहीं विभिन्न वर्ग समाज को प्रभावित किया है। यही कारण है कि कई भाषाओं में रामकथा मिलती हैं। हसबुल खान ने सभी से सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

कृषि विज्ञान केन्द्र व विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

गुमला– गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला, विकास भारती बिशनपुर के द्वारा पारा भेट पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पांच प्रखंड के 16 प्रशिक्षणार्थी है भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे महेंद्र भगत ने कहा कि पारा भेट के माध्यम से युवा गांव स्तर पर अपना रोजगार खड़ा कर सकते हैं ।जिससे न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि गांव स्तर पर जानवरों का प्राथमिक उपचार भी मिल सकेगा । इसी को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र प्रत्येक वर्ष पैराबित कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य विगत कई वर्षों से कर रहा है। इससे युवा पलायन से बचेंगे और उन्हें स्वरोजगार से आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से मजबूत होंगे। डॉ विनोद कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से गांव स्तर पर कि पशुओं को समय पर इलाज मिलने के कारण मृत्यु दर में कमी आएगी। हमारी यही प्राथमिकता है कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित कर जिले में मृत्यु दर को कम करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत खुशबू कुमारी, सुरेंद्र कुमार गुप्त, मीना कुमारी के साथ-साथ 16 किसान भाग ले रहे हैं।

रामनवमी के जुलूस के दौरान हुए बड़े हादसे पर भाजपाइयों ने किया शोक व्यक्त

*** सांसद सुदर्शन भगत व प्रत्याशी समीर उरांव पहुंचे अस्पताल, जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की**

लोहरदगा: लोहरदगा में रामनवमी के जुलूस के दौरान डीजे गाड़ी के अचानक से अनियंत्रित हो जाने से हुई बड़े हादसे में दो लोगों की मौत पर भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा संगठन के द्वारा गहरा शोक प्रकट किया गया। घटना होने के तत्पश्चात के भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अस्पतालों में केंद्रीय महावीर मंडल के साथ मदद की। लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत रात में ही लोहरदगा के अस्पतालों में भर्ती मरीजों का हालात से रूबरू हुए, वहीं लोहरदगा का लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव रिम्स रांची गए।इस दुःख के घड़ी में भाजपा परिवार मृतकों की पूण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना व शोक व्यक्त कीं। साथ ही कहा दुर्घटना के शिकार हुए परिवारों के साथ भाजपा परिवार है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में

लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, राज्सभा सांसद व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधानपरिषद सदस्य प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, पूर्व मंत्री सधनु भगत, जिला प्रभारी सुनीता सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्री चंद प्रजापति, ब्रज बिहारी प्रसाद, मदनमोहन पाठक, चंन्द्रशेखर प्रसाद, बिंदेश्वर उराँव, बजरंग उराँव, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, परमेश्वर साहू विनोद राय,नवीन कुमार टींकू,नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो ,बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, जगनंदन पौराणिक, उमेश कास्यकार ,त्रिवेणी दास, रामोतार वर्मन, ओम गुप्ता, अजातशत्रु, अशोक चंद्र घोष, छेदी राम, अनिल उरांव, मीना बाखला, अजय पंकज विमलकांत सिंह, भारती सिन्हा, सरोज प्रजापति, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, मनिष शिखर, कलावती देवी, सजल कुमार, विश्वजीत शाहदेव, जितेंद्र महतो, बाल्मीकि कुमार, अमित लोहरा, राज किशोर साहू, धनंजय तिवारी, अविनाश शाहदेव, कैलाश साहू, विवेक सोनी, सूरज दसोंधी, भरत किसान, लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, राजेश महतो, अमरेश भारती, नवीन कुमार साहू, संजय चौधरी, जितेंद्र महतो, सूरज साहू ,बृजनंदन गोप, मंगल गोप, आदि शामिल हैं।

उप प्रमुख ने कुडू सीओ को आवेदन देकर समस्याओं की निदान की रखी मांग

कुडू – लोहरदगा – कुडू प्रखण्ड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कुडू अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा को आवेदन देकर जनसमस्याओं का निष्पादन त्वरित संज्ञान में लेते हुए करने की मांग की है। अपने पत्र में एनुल अंसारी ने लिखा है कि कुडू प्रखंड लोहरदगा जिला का सबसे बड़ा और घना आबादी वाला क्षेत्र है। यहां 14 पंचायत, दो जिला परिषद क्षेत्र और 17 पंचायत समिति सदस्य हैं। मूलतः इसमें जमीन परमिशन, एलपीसी प्रमाण पत्र, पंजी टू ऑनलाइन, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज, पीएम किसान, भूमि सत्यापन, लगान रसीद, वनाधिकार पट्टा, आपदा से संबंधित मामला या जमीन संबंधित विवाद जैसे अनेकों मामले जो अंचल में लंबित है जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा ने रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान घटी घटना पर किया दुःख व्यक्त

-मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए सभी घायलों के जल्द सेहतयाबी के लिए अल्लाह से दुआएं की

लोहरदगा: लोहरदगा में श्री रामनवमी महोत्सव के मौके पर निकली शोभा यात्रा के दौरान हुए डीजे साउंड सिस्टम वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोहरदगा के एकागुडी बरियाटांड़ निवासी नंद किशोर साहू की 18 साल की पुत्री सोनी कुमारी साहू और बक्शीडीपा निवासी बजरंग साहू की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन लोग घायल हो गए। शोभायात्रा के दौरान हुई इस दुर्घटना अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा ने दुःखद बताया। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू,

अंजुमन इस्लामिया जेनेरल काउन्सिल के नाजिमें आला हाजी अब्दुल जब्बार ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही मृतिका सोनी कुमारी साहू और मृतक बजरंग साहू के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया है। साथ ही सभी घायलों के जल्द सेहतयाबी के लिए अल्लाह से दुआएं की है।

आदिवासियों की जीवनधारा को प्रगाढ़ करना हमारा मूल कर्तव्य है- अनिल टाना भगत

लोहरदगा। झारखंड आंदोलनकारी नेता सह लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत जब से राजनीति में कदम रखे हैं तब से लगातार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता से मुखातिब हो रहे हैं और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर लोगों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इसी बीच सामाजिक कार्यकर्ता अनिल टाना भगत लोहरदगा जिला अंतर्गत ग्राम नगजुआ में आयोजित सरहुल महापर्व पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत का स्वागत आयोजन समिति की ओर से अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ किया गया। मौके पर सरहुल महापर्व के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम में शामिल हुए आदिवासी समुदाय के तमाम लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत ने कहा कि अपनी आत्मरक्षा हेतु हमारे समाज को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासियों की जीवनधारा को प्रगाढ़ करना हमारा मूल कर्तव्य है। अनिल टाना भगत ने कहा कि सरहुल फूलों का पर्व है, यह पर्व हमारी संस्कृति भाषा और आदिवासियत की विशेष पहचान है इसे भविष्य में भी बरकरार रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला राज्य का सबसे छोटा जिला है जहां पर सभी वर्गों का समावेश है, लोग पूर्वज काल से ही आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व त्योहार को मिलजुलकर मनाते आ रहे हैं इसे आगे भी जारी रखने की जरूरत है। अनिल टाना भगत ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जन समस्याओं का निपटारा हेतु हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को एक पटल पर लाने का प्रयास रहेगा

और अपनी मातृत्व की रक्षा हेतु विशेष सहभागिता निभाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय की माताएं बहनें और अगुवाईकर्ता मौजूद थे।

24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का समापन

रायडीह। रामनवमी के अवसर पर रायडीह के जरज्जटा पंचायत के सलकांया ग्राम में 24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का समापन गुरुवार को किया गया।सलकांया में रामनवमी के मौके पर कीर्तन का आयोजन 1983 से लगातार हर वर्ष किया जा रहा है लोगों के मान्यता के अनुसार अखंड हरी कीर्तन का आयोजन होने से पुरे पंचायत में शांति,सुख समृद्धि का बनी रहती है कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा के जिला महामंत्री श्री मिसिर कुजूर थे।श्री कुजूर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आनेवाले समय में और वृहद रुप में मनाने और एक दूसरे से मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण आपसी भाईचारा से मनाने कहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया मार्था एक्का,पंचायत समिति सदस्य चौठी देवी,सुमित प्रसाद,उपमुखिया खुसमारेन एक्का,गोपाल बैगा , अनिल साहू,बुधराम सिंह,समिति के अध्यक्ष जगरपाल सिंह,सचिव संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हरकनाथ सिंह,लड़का सिंह,चतुर्भुज सिंह,मारवाड़ी सिंह और हजारों श्रद्धालुओं उपस्थित थे।

बृजभूषण की याचिका पर 26 को फैसला

नई दिल्ली । महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीडन् मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और गोंडा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने से पहले 26 अप्रैल को उनकी अर्जी पर कोर्ट का फैसला आएगा। इसमें सिंह ने इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं को ज्यादा अहम बताते हुए उन पर भी पहले जांच कराने की गुहार लगाई है। बृजभूषण शरण सिंह राऊज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे हैं। बृजभूषण ने राउज ऐवन्यू कोर्ट में अर्जी दाखिल कर इस मामले से जुड़े कुछ अन्य पहलुओं पर भी आगे की जांच करने और कुछ बिंदुओं पर बहस करने की गुहार लगाई है। बृज भूषण ने अपनी अर्जी में कहा है कि जिस तारीख पर एक महिला पहलवान के ड्डस्न्ढ्ढ दिल्ली ऑफिस में कथित छेड़छाड़ का आरोप लगाया है, उस तारीख पर तो वो देश से ही बाहर थे।

जन जन में हैं जन जन के श्री राम -अविनाश देव

मेदिनीनगर पलामू । राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाड़े,क्लब, दल, के सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहें और पगड़ीपोशी, फूलमाला, शौर्य के प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किए गए। राम भक्तों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा की राम की सौम्यता सब को भाती है। राम आम के जुबान पर रहते है खुशी और विषाद दोनो में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं।खेत खलिहान से लेकर सेठ के खाता बही पर राम विराजते हैं।वाल्मीकि तुलसी के महाकाब्य राम के रास्ते मुक्ति के मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है।किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। राम का जन्म ही शत्रुओं के संहार के लिए हुआ था और गुरु के

एक बात पर शस्त्र व शास्त्र के शिक्षा के लिए पिता भरोसा कर आश्रम भेज दिए। किंतु आज परंपरा को छोड़ राम की बेहतर वस्तुस्थिति से लोग अनभिज्ञ है । पर्यावरण एवं स्वास्थ्य का ख्याल किए बगैर युवा को जुलूस में डी जे पर डांस करते देखा गया किंतु उनके विचारों पर अमल नहीं करना बेहद चिंतनीय है । पुरानी परंपरा संस्कृति ,शालीनता,स्नेह, नफरत के आग और ऊंची आवाज में दबता जा रहा है। संगठन के लोगों को तलवार की साथ साथ रामचरित मानस के पुस्तक भी सप्रेम भेंट करना चाहिए जिसे युवा पीढ़ी पुनर्पाठ कर सके और उससे रामराज्य लाने का सूत्र निकाल सके। आगे अविनाश देव ने जिला प्रशासन, सभी संगठन के प्रधान, छात्र, युवा से गुजारिश किया की राम के विचारों को फैलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। राम जहां भी गए मित्र बनाए और मोहब्बत से रहने का पाठ पढ़ाए। रामनवमी में राम भक्तों के उमड़े जन सैलाब के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं में मेडिकल कैंप,लंगर,पीने का पानी, चलंत शौचालय,चाय बिस्कुट का व्यवस्था जिस उदारता के साथ सामाजिक संगठन के लोगों ने किया वे सभी बधाई के पात्र है जिन्होंने जनपक्षिये चेतना को जागृत किया।

बिजली केस एवं चेक बाउंसिंग से संबंधित केस के लिए स्पेशल लोक अदालत 27 अप्रैल को

गुमला–झालसा रांची के निर्देश पर विशेष लोक अदालत चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित केस के निष्पादन के लिए दिनांक 27 -04-2024 को 7–30 बजे सुबह व्यवहार न्यायालय गुमला में आयोजन किया जा रहा है । आयोजन को लेकर मा. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्रा के प्रकोष्ठ में बिजली से संबंधित स्पेशल कोर्ट एडीजे द्वितीय श्री मनोज कुमार शर्मा, सीजीएम मनोरंजन कुमार, बिजली विभाग के अधिकारी अधिवक्ता गण, एवं डालसा सचिव श्रीमती निर्मला बरला की उपस्थिति में बैठक हुई । इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार सिंह को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जो चिट्ठी जनरल मैनेजर से निर्गत हुई है इसी आलोक में विशेष लोक अदालत में मामले सुलझाए जाएं। जिसके तहत घरेलू बिजली में 5 किलो वाट तक बिजली चोरी केस में फाइन की राशि ?4000 तक की गई है। जबकि कमर्शियल विद्युत चोरी के केस में 10000 तथा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में विद्युत चोरी के केस में फाइन की राशि ?20000 तक की गई है। जूनियर मैनेजर राजस्व एवं लेखा सोमनाथ इंदवार को भी निर्देश दिया गया कि जितना ज्यादा हो सके उतना सुलहनीय मामलों का निष्पादन कराने का प्रयास करें । साथ ही साथ पीडीजे ने चेक बाउंस के मामले के निपटारे के लिए भी उपस्थित सीजीएम मनोरंजन कुमार,अधिवक्ता अजय कुमार पपलू, आशुतोष श्रीवास्तव ,जितेंद्र कुमार शर्मा, राणा नकुल एवं अन्य को निर्देश दिया कि जितना ज्यादा हो सके चेक बाउंसलिंग के केस का निष्पादन करें ।साथ ही साथ यह भी कहा कि यह लोक अदालत विशेष रूप से चेक के मामलों के लिए एवं बिजली संबंधित मामलों के लिए दिनांक 27-04- 24 को झालसा के निर्देश पर लगाया जा रहा है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत मदद माँगने वाले देशों की बजाय मदद करने वाला देश बना: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज गुजरात के जामनगर में पार्टी के चुनावी प्रचार कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास और सम्मान दिया है वो कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं दिया। आज भारत तेजी से गरीबी को मिटाकर आत्मनिर्भर तो बन ही रहा है, इसके साथ ही मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल यानी मोदी 3.0 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु अभी से ब्लूप्रिंट पर काम करना चालू कर दिया है। अगले तीन वर्षों में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।'

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कुशासन के बाद मोदी जी के 10 वर्षों का यह सुशासन देश के लिए बेहद जरूरी था। कांग्रेस के भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति को मोदी जी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण में परिवर्तित कर दिया है। इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले और हम जोड़ने वाले हैं।'' अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी जी ने सदैव हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है। 'हिमाचल प्रदेश का विकास उनकी प्राथमिकताओं में हमेशा शीर्ष पर रहा है इसीलिए एक छोटे पहाड़ी राज्य को पिछले 10 वर्षों में उन्होंने इतना दिया है जिसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। रेल हो, सड़क हो या हवाई साधन तीनों में हिमाचल प्रदेश आज बेहद उन्नत है। जब हिमाचल प्रदेश में आपदा आई तब केंद्र सरकार ने तुरंत कार्य करते हुए 1762 करोड रुपए की मदद, 16 हज़ार से ज़्यादा आवास, 2700 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें और मनरेगा के द्वारा अलग से पैसे दिए।'

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, 'जो भारत पहले आपदाओं के समय दूसरों से मांगता था वह आज दूसरों को देने वाला बन गया है। कोविद महामारी ने पूरे विश्व में कोहराम मचाया तब भारत ने अपने यहां न सिर्फ रिकॉर्ड टाइम में दो स्वदेशी वैक्सीन बनाए बल्कि दूसरे देशों को देते हुए अपने ?220 करोड लोगों को निशुल्क टीके भी दिए। 2014 से पहले देश में स्टार्टअप का नाम भी कोई नहीं जानता था, आज हम विश्व की तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम हब बन चुके हैं। आज विश्व में सबसे ज्यादा, लगभग आधे से भी अधिक डिजिटल ट्रांजैक्शंस कहीं होते हैं तो हमारे भारत में ही होते हैं। कॉविड वैक्सीनेशन का डिजिटल सर्टिफिकेट किसी विकसित राष्ट्र ने नहीं बल्कि भारत ने अपने लोगों को दिया। मोदी जी ने आगे बढ़कर इंटरनेशनल सोलर अलायंस, बायोफ्यूल एलाइंस बनवाया। इससे पता चलता है कि आने वाले वर्षों में भारत ही विश्व का नेतृत्व करेगा। यहां के युवाओं की क्षमता पूरे विश्व का जनकल्याण करेगी। और इसके लिए जो जरूरी इकोसिस्टम तैयार करना है, वह मोदी जी लगातार कर रहे हैं।'

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा अगर आपको पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का स्पीड और स्केल मापना है तो ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। आप यह देखिए कि हमने मात्र 10 वर्षों में 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया है। 25 करोड़ तो कितने देशों की जनसंख्या भी नहीं है। और हमने उन्हें सिर्फ गरीबी रेखा से बाहर नहीं लाया बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ घरों में नल से जल, 11 करोड़ बहनों को फ्री गैस कनेक्शन, 60 करोड लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज और 81 करोड लोगों को मुफ्त अनाज दिया है। इसके बाद स्वनिधि योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, विश्वकर्म योजना, स्किल इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया है। मोदी सरकार लगभग 30 वर्षों बाद नई शिक्षा नीति लेकर आई जिससे क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई संभव हो पाई। इसका परिणाम है की आज हमारे क्षेत्रीय युवा ओपिनियन लीडर्स बन पा रहे हैं।'

अनुराग ठाकुर ने आगे बताया, 'मोदी जी ने अपने 10 वर्षों में देश की पाई-पाई बचाई और गरीब के कल्याण में लगाई। कांग्रेस के समय कृषि का बजट 27000 करोड रुपए थे हमने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये किया। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, आज 150 के करीब हैं। पहले 90 लाख किलोमीटर के आसपास हाईवे थे आज 1.50 लाख किलोमीटर के आसपास हैं। 2014 से पहले 3 लाख 20 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कें थीं आज 6 लाख 95 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़के हैं। 2014 में वंदे भारत जैसी एक भी ट्रेन नहीं थी आज 41 वंदे भारत ट्रेनें देश में चल रही हैं। 2014 में 21000 किलोमीटर इलेक्ट्रीफाइ ट्रेनें थी। आज 41000 किलोमीटर इलेक्ट्रीफाइ ट्रेनें हैं। 2014 में मात्र पांच शहरों में मेट्रो थी आज 20 शहरों में मेट्रो है। 2014 में मात्र 7 एम्स थे आज 22 एम्स हैं। 2014 में 384 मेडिकल कॉलेज थे। आज 700 से ज्यादा हैं। 2014 में देश में 450 यूनिवर्सिटी थे। आज 1100 से ज्यादा है। भारत ने आज तक का दुनिया का सबसे बड़ा 1000 एयरक्राफ्ट का आर्डर दिया। कांग्रेस के समय हमारा रक्षा बजट 3 लाख 70 हजार करोड़ था, आज 6 लाख 8 हजार करोड़ है। आज हमारी सेना के पास राफेल जेट हैं, तेजस विमान बन रहे हैं। आज ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर लेटेस्ट एके 203 हथियार आ गए हैं। कांग्रेस के राज में हमारे सैनिकों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं थी, मोदी जी ने आते के साथ पहले ही चार वर्षों में 2 लाख से ज्यादा बुलेट प्रूफ जैकेट सेना को दिए। मोदी जी ने दिल्ली में वॉर मेमोरियल और पुलिस मेमोरियल बनवाया। मोदी जी ने कहा था वन रैंक, वन

पेंशन देंगे। आज हमारे सेना के भाइयों को एक लाख करोड़ से ज्यादा की पेंशन दी जा चुकी है।'

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, 'मोदी जी के नेतृत्व में आज का नया भारत सनातन और साइंस दोनो को साध कर चल रहा है। जिस सनातन सभ्यता और हिंदू अस्मिता का कांग्रेस ने सदा गला घोटने का प्रयास किया वह आज फिर से अपने परम वैभव को प्राप्त होने को अग्रसर है। अयोध्या जी में 500 वर्षों बाद रामलला की पहली रामनवमी पर स्वयं भगवान सूर्य देव ने उनका तिलक किया। यह दृश्य स्वयं में ऐतिहासिक है और मोदी सरकार में हिंदू जन जागरण की कहानी बयान करने हेतु पर्याप्त है। आज काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारनाथ धाम सहित हमारे सभी धामों का विकास हो रहा है। श्रद्धालु पांच पांच गुना तक बढ़ रहे हैं। युवाओं में सनातन धर्म को लेकर एक नई ऊर्जा संचालित हुई है। यह सब देखकर ह्रदय को बड़ी प्रसन्नता होती है। इसके अलावा हमने जम्मू कश्मीर को धारा 370 की बेड़ियों से आजाद कराया।

पेड़ों की तस्करी का मामला: समाचार प्रकाशित होने के बाद बौखलाये अधिकारी

बिशुनपुर (गुमला) –जंगल से बैध एवं अवैध पेड़ काटे जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद बौखलाए लोहरदगा के डीएफओ अरविंद कुमार जांच को लेकर पक्ष पूछने पर उन्होंने पत्रकारों को भी संदेह के घेरे में खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि पेड़ काटने में आप लोग भी शामिल हैं क्या और नहीं तो क्यों परेशान है विभाग अपने हिसाब से जांच पड़ताल करेगी आप लोगों के हिसाब से नहीं और फोन काट दिया दोबारा उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। अब वरिय अधिकारियों का ऐसा पक्ष आना निश्चित रूप से लकड़ी तस्करों के साथ वन विभाग की मिलीभगत की बु को तेज करता है। जानकारी हो कि लोहरदगा डिविजन के बनारी रेंज कसमार क्षेत्र के जंगलों से तस्करों द्वारा कुछ किसानों के रैयत प्लॉट में लगे साल का पेड़ काटने का परमिशन लेकर स्वीकृति पेपर की आड़ में जंगलों से अवैध रूप से साल का पेड़ काटकर तस्करी कर ली जा रही है। और वन विभाग के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग पेपर भी तस्करों के नाम इशू कर दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कटिंग पेड़ की गाड़ी में लोडिंग के दौरान वन विभाग के कर्मी भी मौजूद होते हैं ऐसे में कैसे बिना मिली भगत के तस्कर द्वारा आसानी से रैयत एवं जंगलों से काटे पेड़ों को गाड़ी में लोडकर विभाग से ट्रांसपोर्टिंग परमिशन ले लिया जा रहा है। जो अपने आप में जंगल को सुरक्षा देने वाले विभागीय लोगों पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

रामनवमी की झांकियों में ग्रंथों का दिखा जीवंत दृश्य

अहले सुबह समाप्त हुई सभी झांकियां, झरपो बुध बाजार और छोटा डहरभंगा में दिए गए उत्कृष्टता को सम्मान

टाटीझरिया – छोटा डहरभंगा अखाड़े में रामनवमी की रात को टाटीझरिया, बड़ा डहरभंगा, केसड़ा, बौधा और घुघलिया गांव के अखाड़े की झांकियों की प्रदर्शनी होती है। रात भर युवकों की टोली झांकियों के साथ अपनी कमर हिलाते रहे। रुक -रुक कर लोग जय श्री राम ,जय हनुमान,गली -गली बजरंगबली के नारे लगाते रहे और कलाकारों के हौसला को बढ़ाते रहे।

वहीं झरपो बुध बाजार देवी मंदिर परिसर में अगल -बगल गावों की झांकियां पहुंचीं। जिसमें काली झरना चट्टान धाम झरपो,नारायणपुर,टटगावां, अमनारी, और

गोधिया गांव की झांकियां पहुंचीं। झांकियों को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे थे। झांकियों में महाभारत,शिवपुराण और रामायण के जीवंत दर्शन कराने का प्रयास किया गया था। प्रदर्शनी के बाद व्यवस्थापक और निर्णायक मंडली द्वारा बेहतर दृश्यांकन के आधार पर क्लबों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। झरपो बुध बाजार में आयोजक दल के सदस्य बालेश्वर महतो,सरयू प्रसाद कुशवाहा,अजय कुमार,अनील कुमार समेत अन्य ने झांकियों को बारीकी से अवलोकन किया और अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समिति को ग्रेडिंग के आधार पर पुरस्कृत भी करवाया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख संतोष मंडल, अप प्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मिथलेश पाठक,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय समेत व्यवस्थापक मंडली के हाथों समितियों को पुरस्कार दिया गया। प्रमुख ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग के बाद इस क्षेत्र में आप तमाम समितियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया है। आप और भी बेहतर करें। मौके पर दयाल प्रसाद, सुरेंद्र राणा, मुकेश प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, प्रवील प्रसाद,सुरेश प्रसाद, ज्योतिष पंडा,रामविलास प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा समेत काफी संख्या में अतिथिगण उपस्थित थे।

रामनवमी में राममय नजर आया चौपारण, प्रशासन रही चौकस

चौपारण – प्रखंड में रामनवमी पूजा शांति और सौहार्दपूर्वक गुरुवार को संपन्न हो गया। इस दौरान प्रखण्ड के सभी 26 पंचायतो में आस्था और विश्वास के साथ वर्षो से गगन चुंबी महाबीरी ध्वज के साथ रामनवमी पूजा मनाने की परंपरा को कायम रखा गया। पूरा क्षेत्र राममय नजर आया।रामभक्त हर वर्ष की भांति थाना परिसर में महाबीरी ध्वज लेकर गये। जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। वहीं बजरंग अखाड़ा चक्रसार, चयकला, यवनपुर, महराजगंज, चैथी, ताजपुर, मरहेड़ी, केंदुआ, झापा,बिसनपुर,महूदी,रामपुर,चौपारण, मानगढ़,बच्छई ,मालिकाना, गोबिंदपुर सहित अन्य जगहों पर बुधवार को ही कई गांवो से महाबीरी झंडा नियत समय पर निकली और अपने अपने अखाड़ों में मिलान किया। वहीं इसके अगले दिन पांडेयबारा सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में भव्य मेले का आयोजन हुआ। कई जगहों पर

रामनवमी पर भव्य झांकिया निकली। चयकला,रामपुर,दादपुर,चौपारण में निकली भव्य झांकिया लोगों को सहसा अपने ओर आकर्षित कर रही थी। झांकियों के पूरे दृश्य को लोग अपने मोबाइल में कैद करना नहीं भूले। वहीं जुलूस में युवाओ ने लाठी व अन्य अस्त्र शस्त्रों से जमकर प्रदर्शन किया। पूरे जुलूस में जय श्री राम और जय हनुमान का उद्घोष होते रहे और रामभक्त हनुमान बैंजु और राम जी के गीतों के धुन पर झूमते रहे। वहीं रामनवमी पूजा को शांतिपूर्वक समपन्न करवाने में प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चौपारण सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरे प्रखण्ड में सुरक्षा व विधि ब्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जगह जगह पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। आइरबी की महिला बटालियन भी तैनात की गई थी। सुरक्षा की पूरी ब्यवस्था पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह स्वयं नजर बनाए हुए थे।

बीओआई के ग्राहकों को दोहरी मार, अपने ही पैसे Helping में बैंक काट रही मोटी रकम

सरकार वृद्धा व विधवा पेंशन में दे रही एक हजार, बैंक काट रही 29.50 रु

चौपारण – बैंक ऑफ इंडिया का नए नियम लागू होने के बाद आधार कार्ड से पैसा निकालना महंगा पड़ रहा है। ग्राहकों को दुहरा मार झेलना पड़ रहा है। और ग्राहकों से अपना ही पैसा निकालने पर हर निकासी पर मोटी रकम वसूल रही है। नए नियम लागू होने के बाद अब हर निकासी पर 25 रुपया और 18त्न जीएसटी के हिसाब से 29.50 काटा जा रहा ।

बतादें कि इस नियम के बाद जनधन खाता छोड़कर अन्य खातों से आधार से राशि की निकासी पर बैंक के द्वारा चार्ज काटी जायेगी। आधार कार्ड के द्वारा अंगूठा लगाकर पैसा निकालना खाताधारकों के लिए अब महंगा हो गया। इस तरह के नए नियम लागू किए जाने से एक ओर सभी जगहों पर बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों के बीच उनके रोजी रोटी पर पूर्ण विराम लग रहा है। ऐसे में कई बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों ने बताया कि ऐसा रहा तो हमलोग अपने केंद्र को बंद कर देंगे ।

वही गैर- बीएसबीडीए ग्राहकों के लिए एईपीएस सेवा शुल्क सिस्टम में लागू किया गया है और यह ग्राहक द्वारा एक महीने में किए गए पहले लेनदेन से सभी नकद निकासी फ्री और फंड



AEPS AADHAAR ENABLED PAYMENT SYSTEM
बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BO

Customer Number : XXXXXXXX1121 Name : Contact Nu

Mini Statement Details

Value Date	Journal No	Description	Amount(in Rs.)
14-04-2024	S6118719	Debit	10029.50
14-04-2024	S6065443	Debit	10029.50
13-04-2024	84496357	Debit	10029.50
13-04-2024	84475426	Debit	10029.50

ट्रांसफर लेनदेन पर लागू होगा। सेवा शुल्क प्रति लेनदेन 25/ रुपए और जीएसटी श्च18त्न काटा जायगा।

क्या कहते हैं बीसी संचालक

चौपारण बैंक ऑफ इंडिया के बी सी संचालक प्रखर मयूर एवं मिथलेश केशरी का कहना है कि आरबीआई का ऐसा कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है, नहीं तो अन्य बैंकों में इस तरह की नियम लागू हो जाता। इसमें सुधार नहीं किया गया तो बैंक आने से असमर्थ महिला, पुरुष, वृद्ध लोगों को अपने पेंशन की राशि की निकासी के लिए बैंकों में जाकर लंबी कतार में खड़ा होना पड़ेगा। बी सी संचालकों के पास निः शुल्क निकासी होने पर लोगों को समय की बचत होती थी। बैंक से घर आने जाने का किराया भी बचता था, यह सुविधाएं अब शायद उपलब्ध हो पायेगी। धीरे धीरे बैंकों में भीड़ लगना शुरू हो जाएगा और कर्मचारियों के कार्य का प्रेशर भी बढ़ेगा। बी सी संचालक बैंक के साथ मिलकर अपना काम बेहतर तरीके से करते आ रहे हैं। जरूरत के तहत् एनपीए खाताधारकों से शिविर के माध्यम से ग्राहकों के साथ समझौता कर समाधान किया जाता था। इधर प्रखंड के सभी बी सी संचालकों का कहना है कि बैंक जिस तरह से खाताधारकों को महीने में 6 बार की ट्रांजेक्शन निः शुल्क होता था उसके बाद की निकासी में जो चार्ज काटी जाती थी उस तरह के नियम पर किसी को कोई ऐतराज नहीं था और सभी के काम सही तरह से चल रहा था उस सुविधा को फिर से शुरू किया जाय,नहीं तो बाध्य हो कर सभी ग्राहक सेवा केंद्र हड़ताल पर जाएंगे। वहीं ग्राहकों का कहना की सरकार हम विधवा और वृद्धा पेंशन 1000 हजार देती है जिसमें बैंक 29.50 रुपया काट ले रही है पर हमलोग का सुनने वाला कोई नहीं है।

पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड ने केरेडारी में चना , गुड़ , शरबत का किया वितरण

केरेडारी – केरेडारी बंगला टांड़ रामनवमी मेला में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड केरेडारी प्रखंड इकाई के सदस्यो के सौजन्य से प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव साहू एवं सदस्य पवन साहा के देख रेख में चना, गुड़, शरबत का वितरण किया गया। पूछे जाने पर प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव साहू ने बताया कि हम सैनिक सेवा काल के दौरान समाज से दूर हो जाते हैं, अब हम लोग सेवानिवृत हो चुके हैं तो गांव समाज से जुड़ने का कोशिश कर रहे हैं उन्हीं उद्देश्य की पूर्ति हेतु हर आए दिन पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, अजय पांडे, अनुग्रह नारायण सिंह, पवन साहा समेत कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

हजारीबाग जिला मे ही विदेशी व्यंजनों का लुफ उठा सकते हैं - विवेकानंद सिंह

हजारीबाग – हज़ारीबाग़ शहर स्थित, पंचमुखी हनुमान मंदिर ,न्यू एरिया ,ओकनी के सामने ड्ढद्धक्ष्द्धह्र × ब्द्धझ्रश्वस् रेस्टोरेंट का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा की गई। श्री सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित आम जनों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हजारीबाग जिले में अपने आप में यह एक अनोखा रेस्टोरेंट है। ईस रेस्टोरेंट में चाइनीस ,इटालियन एवं कॉन्टिनेंटल, फूड कोलकाता के कुशल कारिगरों द्वारा तैयार स्वादिष्ट व्यंजन परोसा जाएगा ,जिसका आनंद अब हजारीबाग जिला स्थित रेस्टोरेंट में ही देश-विदेश के बयंजनो का लुफ उठा सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर सौरभ राज, वीरेंद्र कुमार वर्मा, विजय वर्मा ,ऋषि शर्मा, महेंद्र वर्मा ,विजय सिंह यदिअनेको व्यक्ति उपस्थित थे।

न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर, हजारीबाग में निषेधाज्ञा आदेश हुआ जारी

हज़ारीबाग़ – उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीधाग के आदेश ज्ञापांक 84/मु0/सी0. दिनांक 16/04/2024 के संयुक्त आदेशानुसार इस वर्ष हजारीबाग जिला में रामनवमी का त्योहार दिनांक 17/04/2024 को एवं चैती दशहरा दिनांक 18/04/2024 एवं 19/04/2022 को मनाया जायगा। इस अवसर पर दिनांक 17/04/2024 से 19/04/2024 तक श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में जुलूस में सम्मिलित होने की संभावना है। पूर्व में रामनवमी के अवसर पर जुलूस में शामिल विभिन्न अखाड़ों में से कुछ शरारती तत्वों के द्वारा

आपत्तिजनक तस्वीरों एवं भड़काने वाले भाषणो के प्रचारित किये जाने के कारण हजारीबाग में समादायिक तनाव के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई है। उपरोक्त परिपेक्ष्य में रामनवमी 2024 के पावन अवसर पर साम्प्रदायिक तनाव के कारण विधि व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए रामनवमी महापर्व 2024 के अवसर पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत लागू करना नितांत आवश्यक है। अतः रामनवमी- 2024 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु में शैलेश कुमार (झा0प्र0 से0) अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर, हजारीबाग अपने प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए हजारीबाग सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 17/04/2024 से 19/04/2024 तक के लिए निम्नरूपेन निषेधाज्ञा लागू रहेगा।

अपराधियों ने 30 वर्षीय युवा के सीने में मारी 2 गोली, मौके पर ही हूई मौत

केरेडारी – केरेडारी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बारियातु निवासी ननक साव के छोटे पुत्र योगेंद्र कुमार साव उर्फ छोटू उम्र लगभग 30 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने कंडाबेर पंचायत के पतरा खुर्द हथिया मेला टांड से वापसी के दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल कंडाबेर के समीप 17 अप्रैल 2024 बुधवार समय लगभग 6ऽ00 बजे शाम को दो अज्ञात अपराधीयो ने एक मोटरसाइकिल से ओवरटेक करके सामने से छोटू के सीने में दो गोली चलाई। एक गोली दाहिने छाती के निचे और दूसरी गोली बांए तरफ सीने में जा लगा अपराधियों ने बारियातु हेठ खोरी होते फरार हो गया। सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और अनान फनन में बड़कागांव सदर अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड दिया। बता दे कि योगेंद्र साव उर्फ छोटू रांची में रह कर ढलाई मशीन का व्यवसाय चलाता था। अब उसके पिछे पत्नी एवं 2 लडका जिसका उम्र 8 वर्ष और 6 वर्ष हैं। घटना के क्रम छोटू टीवीएस बाइक को चला रहा था। उसके पीछे साहेब कुमार उसी के करीबी दोस्त बैठा था और दोनों अपने घर जा रहें थे। सूचना मिलते ही केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जायजा लिए। पुलिस इसकी बारीकी से छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि रामनवमी में छोटू अपने गांव आया था और मेला से घर जानें के क्रम में यह घटना घटी हैं। अपराधियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सुराग मिलते ही बहुत जल्द अपराधी पुलिस के शिकंजे में होगा। वही 18 अप्रैल गुरुवार को मृतक के बड़े भाई छत्रधारी साव ने थाना में इंसाफ के गुहार लगाते हुए आवेदन दिया है और आवेदन के माध्यम से छत्रधारी साव ने बताया है की रांची से बारियातु मेरा भाई योगेंद्र कुमार साव एवं साहेब कुमार एक साथ घर पहुंचे और 3 बजे के करीब मेला जानें के क्रम में दोनो के अलावे 8 से 10 लड़का और साथ में थें। परंतु आने वक्त सिर्फ साहेब कुमार और मेरा भाई योगेंद्र कुमार साव एक ही मोटरसाइकिल में बैठ कर आने लगे तो बाइक योगेंद्र साव चला रहा था वही साहेब कुमार पिछे बैठा हुआ था। जब गोली चली तो सिर्फ योगेंद्र साव को ही लगा लेकिन साहेब कुमार को एक खरोच तक नहीं आया। साजिश के तहत् मर्डर किया गया है। फिलहाल साहेब कुमार को पुलिस अपने कब्जे में पूछताछ के लिए रखा है। अभी कहना मुश्किल है। की साजिश के तहत् के साथ मर्डर का कनेक्शन कहां से कहां तक जुड़ा है। केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टिम इसकी गहराई से जांच कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम कर अग्नि संस्कार के लिए शव परिजन को सौंप दिया गया है।

हजारीबाग में हर्षोल्लासपूर्वक निकला रामनवमी का दशमी जुलूस, खूब गूंजा जय श्री राम का नारा

हजारीबाग – हज़ारीबाग़ के ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी के दशमी का आगाज गुरुवार को हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लासपूर्वक रामनवमी का दशमी जुलूस पूरे वैभव के साथ निकला। महाष्टमी और नवमी से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल रामभक्ति में रंगे नज़र आए। महाष्टमी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ और टाटीझरिया के रामनवमी शोभायात्रा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और भगवा ध्वजवाहक के रूप में जुलूस की अगुवाई किया।

महिला का शव कुएं से बरामद, परिवार वाले ने लगाया हत्या का आरोप

इचाक – इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा गांव में गुरुवार कि सुबह एक कुएं से एक महिला का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान गांव के ही विकास रविदास की पत्नी सोनी दवी 27, वर्ष के रूप में हुई है। गांव वाले ने इसकी सूचना पुलिस व मृतिका के मायके वाले को दी गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर थाना प्रभारी संतोष कुमार पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मृतक पिता रामेश्वर राम टाटीझरिया ने बताया कि मेरी बेटी की शादी 2021 में हिंदू रीतिरिवाज के साथ लोटवा निवासी विकास रविदास के साथ हुआ था। विकास बाहर काम करता था वहीं पर एक माह पहले मेरा दामाद एक लड़की से शादी कर लिया , उसके बाद से मारपीट करने लगा और घर से भगा देने लगा , उसके बाद कुएं में मार कर डाल दिया है और घर से फरार हो गया है।

खैरा करमा में आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ में शामिल हुई अन्नपुर्णा देवी

टाटीझरिया – टाटीझरिया प्रखंड के खैरा करमा में आयोजित पांच दिवसीय पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में दुसरे दिन कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह भाजपा उम्मीद्वार अन्नपुर्णा देवी शामिल हुई। यज्ञ समारोह में पहुंचने पर समिति के द्वारा अन्नपुर्णा देवी को स्वागत किया गया। शामिल होने पर अन्नपुर्णा देवी ने कहा कि यज्ञ होने से मन में शांति मिलती है साथ ही क्षेत्र भक्तिमय होता है। आपके हर सुख दुख में शामिल रहुंगा। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अमित यादव, कुमकुम देवी मुखिया कुमारी माधुरी उपस्थित था। मौके पर बद्री साव,मिथलेश वर्मा,शंकर वर्मा,बालदेव शर्मा,भोला ठाकुर,पवन कुमार,कृष्णदेव राणा,तुलेश्वर राणा,किशोरी राणा,लखन पासवन,वीरेंद्र राणा,ईश्वर राणा,मुकेश्वर सिंह,कुलदीप राणा,केला पासवन,रामचंद्र राणा,सरयु राणा,नरेश राणा,हीरामन शर्मा,अर्जुन पासवान,छोटी सिंह,संजय सिंह,सुखलाल राणा,विजय पासवान,समेत गांव के महिला पुरूष,बच्चियां उपस्थित थे।

प्रशासन ने रामनवमी अखाड़े के पदाधिकारीओं के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बड़कागांव – बड़कागांव मुख्यालय में गुरुवार देर रात निकालने वाली झांकी एवं जुलूस को लेकर अंचलाधिकारी बालेश्वर राम की अध्यक्षता व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह की संचालन में थाना परिसर में जुलूस निकालने के पूर्व शांति समिति की अहम बैठक की गई। बैठक में अखाड़े के पदाधिकारी को प्रशासन के द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जुलूस मार्ग का विशेष ख्याल रखना, कानून का उल्लंघन नहीं करने , शराब से दूर रहने के अलावा कई महत्वपूर्ण सलाह सुझाव दिए गए। इस दौरान अखाड़े के लोगों के द्वारा प्रशासन से पेयजल एवं रोड की मरम्मती की सुझाव दिया । बैठक समाप्ति के पश्चात थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया एवं रोड के मरमति तथा पेयजल उपलब्ध समय पर पूरा कर लेने की बात कही है । वही विधि व्यवस्थ को लेकर बड़का गांव में झांकी और जुलूस में अति संवेदनशील 6 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। ताकि जुलूस की निगरानी के साथ शरारती तत्वों पर नजर रखा जा सके । बैठक में मुख्य रूप से बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार , महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, तकरीमुल्लाह खान , विशाल ठाकुर, सरोज सोनी, संतोष सोनी, पिंटू गुप्ता , सुभाष राणा, उदय मेहता, नागेंद्र कुमार , नवीन ठाकुर , रंजीत कुमार, रवि पासवान , अन्नू विश्वकर्मा , पंकज कुमार , मनोज सोनी ,तिलक रजक , छोटू विश्वकर्मा, नंदन कुमार , अबरार रज़ा , अवध किशोर कुमार के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

केरेडारी प्रखंड में शांति पूर्वक से रामनवमी पर्व सम्पन्न

केरेडारी – केरेडारी में मात्र बारियातु की एक घटना को छोड़ पूरे प्रखंड में शांति पूर्वक रामनवमी का पर्व सम्पन्न हो गया। बीडीओ अमित कुमार,सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल व थाना प्रभारी अजित कुमार नवमी को 24 घण्टा प्रखंड के लगभग सभी अखाड़ों में भ्रमण करते देखे गए। बंगला टाँड़ केरेडारी मुख्यालय स्थित मेला के मंच पर उपस्थित होकर सभी अखाड़ों को सम्मानित भी किया। यहां महासमिति केरेडारी द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट झांकियों व अनुशासित जुलूस के लिये पुरस्कार की ब्यवस्था की गई थी। निर्णायक मंडली के द्वारा किये गए आंकलन के बाद कुठान गांव से आये जीवंत झांकी को प्रथम, विश्वकर्मा मंदिर केरेडारी के झांकी व जुलूस को द्वितीय व रामजानकी मंदिर केरेडारी के झांकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं केमो व केरेडारी चौक तथा विश्वकर्मा मंदिर के जुलूस में करतब दिखा रही एक बच्ची को भी शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। यहां पुरस्कार का वितरण जिला परिषद सदस्या अनिता सिंह,बीडीओ अमित कुमार,सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल,भाजपा नेता बालेश्वर कुमार,राजू साव,मुखिया सोनिया देवी, पूर्व मुखिया तापेश्वर साहू,महासमिति से मनोज वर्मा,सुरेश साव,अरुण यादव,वैद्यनाथ महतो ने किया। प्रखंड के सभी मेला पेटो, पचड़ा, चट्टीबारियातु, बुंडू, अटरिया टाँड़, राणा बागी ,बसरिया में जीवंत व आदमकद राम व हनुमान की झांकी प्रस्तुत किया गया। केरेडारी मुख्यालय में तीन अखाड़ों द्वारा रात भर जुलूस चला व शांतिपूर्वक सम्पन्न भी हो गया। सभी जगह मेला स्थल में गगनभेदी महाबीरी झंडा आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

रंजीत रवानी एवं उनके पत्नी से मोबाइल, चैन छिनतई करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण 16 घंटे में अपराधी गए सालाखों के पीछे

सिंदरी। गुरुवार को सिन्दरी डीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता में डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने प्रशासन के सहयोग से बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। विगत 16 तारीख को सुबह में रंजीत रवानी पिता अशोक रवानी पता कुसमाटॉड, बलियापुर अपने पत्नी के साथ धनुवाडीह ओपी आये तथा बताये कि बीती रात को छलछलीया धौडा से तिलक समारोह में शामिल होकर अपने घर बलियापुर की तरफ जा रहे थे। उसी क्रम में उनका पीछा करते हुए एक काला रंग का स्पलेण्डर पर सवार 03 लोगो के द्वारा किया गया। पिछा करने के क्रम में उक्त तीनों लोगो के द्वारा रंजीत रवानी का बाइक को धनुवाडीह ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत लालटेणगंज से करीब 100 मी0 की दुरी पर अचानक से बाइक के आगे आकर रुकवा दिया गया, जिसके पश्चात् उन तीनों लोगो के द्वारा रंजीत रवानी एवं उनके पत्नी से मोबाइल, चैन तथा 5000 रुपया छिन लिया गया। छिनने के बाद वे लोग माइन्स की तरफ भाग गये। इस संबंध में रंजीत रवानी पिता अशोक रवानी पता कुसमॉड के द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर तिसरा (धनुवाडीह ओ0पी0) कांड सं. 24/24 16 अप्रैल 2024 धारा-392 भा0द0वि0 दर्ज किया गया। उक्त कांड की गंभीरता को देखते हुए सिंदरी डीएसपी के निगरानी में एक टीम गठित कर त्वरित अनुसंधान, गिरफ्तारी एवं उद्भेदन हेतू टीम सक्रिय हो गयी। उक्त टीम के द्वारा कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए ना केवल काण्ड का खुलासा किया गया, बल्कि इसमें संलिप्त 3 अपराधकर्मीयों में से दो को धर दबोच गया। दोनों में 1. सुजल केसरी उम्र करीब 20 वर्ष, पिता दीपक प्रसाद केसरी पता कोईरीबाँध, झरिया। 2. शेखर रवानी उम्र करीब 23 वर्ष, पिता अजय रवानी, रामचन्द्र वल, बालुगदा, झरिया। दोनों अपराधी झरिया थाना के अंतर्गत रहने वाले थे। दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी, घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्पेलेंडर बाईक जेएच 10 सीपी 9437 एवं घटना में छिने गये मोबाइल तथा 5000 रुपया में से 1200 रुपया को बरामद कर लिया गया है, साथ ही तीसरे साथी की तलाश एवं पूछताछ जारी है।

विदित हो कि इसी गैंग से सम्बंधित शख्श अनिल चौहान को पुलिस पहले ही जेल के सलाखों के पीछे भेज चुकी है। केस संख्या 24/24 आवेदन देने के लगभग 16 घंटे में ही अपराधी को उसके अंजाम तक डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत की गठित टीम ने कर दिया, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि कही जा रही है। अंजाम पहुँचाने वाले टीम में थाना प्रभारी घनावाडीह पवन कुमार, लालेन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, हृदया राम थे, जिनकी कार्य को लोग सराह रहे हैं।

चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा आमसभा कर किया गया मतदाता को जागरूक

एग्यारकुंड। चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न वार्डों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसी अभियान के तहत गुरूवार को वार्ड संख्या 13 में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा के माध्यम से नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाता को बतलाया कि वोट देना क्यों जरूरी है। उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाया गया। मौके पर निवर्तमान पार्षद इरफान अहमद खान,सुपरवाइजर अमर दास,ओंकारनाथ श्रीवास्तव,चिन्मय बनर्जी आदि थे।

रामभक्त हनुमान की विशाल प्रारूप का किया प्रदर्शनी

पेटरवार = पेटरवार श्रीरामनवमी त्योहार के पावन मौके पर यूथ क्लब पेटरवार कि ओर से रामभक्त हनुमान की विशाल प्रारूप का प्रदर्शनी किया गया। इसके साथ ही पेटरवार - कसमार मुख्य पथ में यूथ क्लब की ओर से सड़क के दोनों ओर लाइटिंग साज सज्जा किया गया जिसके कारण पेटरवार गुलाबी रौशनी से जगमग हो उठा था जो पेटरवार और आसपास के लोगों के लिए एक आकर्षण और उत्साह का केंद्र बिंदु रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान की विशाल प्रारूप के समक्ष सेल्फी लेने का आनंद उठाया। श्रीरामनवमी का जुलूस संपन्न होने के बाद रात भर विभिन्न स्थानों पर भजनों का दौर चलता रहा और रात भर श्रद्धालु भक्ति भजनों से सराबोर रहे। इस कार्यक्रम मे यूथ क्लब के सदस्य किशन कुमार, विकाश कुमार, आशीष कुमार, सौरव मंडल, देव रंजन कुमार, नीतीश कुमार, मनीष कुमार, विष्णु कुमार, गजेंद्र कुमार, ओमरंजन, चंदन बंसल आदि का अहम योगदान रहा।

बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना

बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बालक की टीम 24वी झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी। जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की 08 सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक ~ श्रेयांस मिश्रा, आयुष खूवाश, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या, हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश कोच- किंकर कृष्णा। टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारून अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह, अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, नीरज एवम अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

सिंदरी चैंबर के सदस्यों के द्वारा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया

सिन्दरी-सिंदरी चैंबर के सदस्यों के द्वारा शहरपुरा मार्केट में हो रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन और रामायण पाठ का विधिवत समापन हो गया। जिसमें सिंदरी के एसडीपीओ (डी एस पी) श्री भूपेंद्र कुमार राऊत मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि के रूप में एफसीआई लिमिटेड सिन्दरी के संपदा अधिकारी देव दास अधिकारी और सिंदरी थाना के प्रभारी शैलेस कुमार पंडित मुख्य रूप से अपस्थित रहेंगे। समापन के बाद भंडारा सह प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, ज्वैलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सोनी, यजमान उमाशंकर, कृष्णा अग्रवाल, दीपक डे, भारत गोसाई, सुनील भगत, राजू अग्रवाल, रजत ,रवि कुमार ,हर्षित, जितेंद्र और काफी संख्या में सदस्य एवं भजन मंडली ग्रुप का नाम उदय व्यास सिंदरी भागीदारी निभाई।

श्री श्री हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन गुरुवार को पूर्णाहुति,हवन और भंडारा के साथ संपन्न हुआ

एग्यारकुंड। जुनकुंदर सीएमडब्लूओ कॉलोनी स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन गुरुवार को पूर्णाहुति,हवन और भंडारा के साथ संपन्न हो गया। कीर्तन के दौरान शीतल राय चौधरी के नेतृत्व में राधा, कृष्ण और हनुमान की झांकी प्रस्तुत की गई। जो कीर्तन का आकर्षक का केंद्र था। मौके पर श्री श्री हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, सचिव सूर्यदेव सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश पासवान, मुखिया रंजीत पासवान, पूर्व मुखिया अनिल राम, गिरिजा देवी, प्रह्लाद पासवान, नागेश्वर सिंह,अखिलेश सिंह, चंदन सिंह, धीरज सिंह, अनिल साव, सत्येन्द्र सिंह, मनोज कुमार, राजेश सिंह, सूराज यादव, उपेंद्र यादव, चंद्रदेव पासवान, शंकर साव, शिवलाल राम, ओमप्रकाश बनिया, विनोद कुमार, नागेश्वर रजक,सन्नी राउत, शशिकांत प्रसाद, रिंटू पाठक, चंद्रशेखर पासवान, लात्रतिक कुमार, चुन्नू सिंह, गिरिश कुमार, चंदन कुमार, हरजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, स्वराज, अमन वर्मा, रवीन्द्र यादव, सोनू पासवान, रवीन्द्र सिंह, नवीन झा, बीरेंद्र पासवान, अजय राउत, रविश सिंह, राजेश राउत, विप्लव बाउरी, सूरज कुमार, रवीन्द्र गुप्ता, दीपक पासवान, अरुण मोदी, राजेश कहार, केशव कुमार, सुबी विश्वास, मदन पासवान, चंद्रदेव प्रसाद, इंद्रदेव पासवान, संतोष श्रीवास्तव, अनिल तुरी, रामू पासवान, उपेंद्र राम, सुनील तुरी, इम्तियाज अहमद,शौरभ सुमन आदि थे।

रोटरी बोकारो ने इंटरेक्ट क्लब ऑफ संत जेवियर्स स्कूल के साथ लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

बोकारो = रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने इंटरेक्ट क्लब ऑफ संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो के साथ मिलकर बृहस्पतिवार को शहर के सुप्रसिद्ध चश्में की प्रतिष्ठान एवं नेत्र परीक्षण केंद्र बेटर विज़न के सहयोग से संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो के हिंदी माध्यम स्कूल में वृहद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में करीब 400 से अधिक बच्चों के नेत्र ज्योति की स्क्रीनिंग की गई।

सर्वप्रथम इंटरेक्ट क्लब की अध्यक्षा ने बेटर विज़न के सिनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट चंदन कुमार एवं अन्य सदस्यों का पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। कैम्प के संयोजक रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीवन के विभिन्न सोपानों में सफल होने के लिए उत्तम नेत्र दृष्टि का होना नितांत आवश्यक है क्योंकि अच्छे नेत्र दृष्टि के द्वारा हम जीवन की बहुत सी अनुभूतियों को साक्षात दृष्टिगत करते हुए बेहतर निर्णय ले पाने में सक्षम हो पाते है। अंत में कैम्प संयोजक एवं आगामी रोटरी अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने सभी बच्चों को इस मानवीय कृत्य के लिए हृदय की गहराइयों से साधुवाद दिया। संत जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अरूण मिंज ने सभी रोटेरियन और नेत्र विशेषज्ञ चंदन कुमार को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया और साथ ही साथ इंटरेक्ट क्लब के सभी पदाधिकारियों को इसी प्रकार के अनेक नेक सामाजिक कार्यों को जीवन में आगे भी करते रहने हेतु प्रेरित किया। अंत में इंटरेक्ट क्लब की अध्यक्षा ने सभी उपस्थित लोगों, डॉक्टरों एवं रोटेरियनों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के संयोजन एवं सम्पादन में रोटेरियन चंद्रिमा रे की विशेष रूप से उल्लेखनीय भुमिका रही।

धार्मिक स्थलों में पोस्टर लगाकर बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने का अभियान जारी

बोकारो जिला के 374 धार्मिक स्थल बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित

कसमार। बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से सहयोगिनी संस्था द्वारा बोकारो जिले के 374 धार्मिक स्थलों में बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने से संबंधित पोस्टर लगाकर स्थानीय धर्म गुरुओं को इस अभियान से जोड़ा गया है। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी जी के आह्वान पर बोकारो जिले के 150 गांव में बाल विवाह मुक्ति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम लड़कियों की तथा 21 वर्ष से कम लड़कों की शादी में धर्मगुरु जैसे पंडित, मौलवी, मांझी हाडम, पादरी, आदि की भूमिका अहम हैं ,इन्हीं के माध्यम से शादी होती है। और बाल विवाह अधिनियम के तहत विवाह में शामिल सभी लोगों पर मुकदमा चल सकता है। इसी को ध्यान रखते हुए सभी धर्म गुरुओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सभी मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च तथा सरना स्थल में बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने का पोस्टर धर्म गुरुओं के साथ मिलकर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा बाल विवाह के खिलाफ आम नागरिक सहित शिक्षक, विद्यार्थि, स्टेकहोल्डर के बीच 251000 लोगों को शपथ दिलाया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

धनबाद / आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्रबंधक संजय झा, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

गाजे-बाजे के साथ कतरास राजबाडी चैती दुर्गा पूजा का नव पत्रिका का हुआ विसर्जन,महिलाओं ने खेला सिंदूर खेल

कतरास. गाजे-बाजे के साथ कतरास राजबाडी चैती दुर्गा पूजा का नव पत्रिका का विसर्जन किया गया. इसी के साथ चार दिवसीय चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया. शुक्रवार को महाविजयदशमी पर कतरास राजबाडी चैती दुर्गा पूजा प्रांगण में महिलाओं ने मां दुर्गा की विदाई के मौके पर सिंदूर खेल का आयोजन किया गया. दर्जनों महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया एवं एक दूसरे के साथ सिंदूर खेला. मां दुर्गा को फिर अगले वर्ष आने का निमंत्रण भी दिया.सिंदूर खेल के बाद कतरास राजबाडी से गाजे-बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास राजा तालाब पहुंची. जहां पूरे विधि विधान के साथ नवपत्रिका का विसर्जन किया गया।

रांची मे महागठबंधन की उलगुलान महारैली 21 अप्रैल को होगा : बी के चौधरी

बोकारो = 21 अप्रैल को रांची मे महागठबंधन की ओर से प्रस्तावित अन्याय उलगुलान महारैली मे जय झारखंड मजदूर समाज की ओर से अधिक से अधिक संख्या मे इस्पातकर्मीयों एवं ठेकाकर्मीयों को अपनी सहभागिता दर्ज करने के लिए आज जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर 9 मे झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बी के चौधरी के अध्यक्षता मे कार्यकारणी एवं सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बि के चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जिस तरह से गत 10 बर्षो से संविधानिक संस्था को अपना हथियार बनाकर और लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रहा है वह काफी भारतीय जनमानस के लिए खतरे की बात है। बेरोजगारी,मंहगाई, गरीबी दूर करने इत्यादि श्लोगन के साथ केन्द्र मे सत्तासीन हुई थी, आज तक उनके सारे वादे जुमला साबित हुआ है। बैठक मे अन्य नेता और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बिभाग से अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने का स्वीकृति दिया। बैठक मे संयुक्त महामंत्री शंकर कुमार, एन के सिंह, आर बी चौधरी, यू सी कुम्भकार, आशिक अंसारी,बादल कोयरी,रौशन कुमार, आर के मिश्रा,अभिमन्यु मांझी , बी एन तिवारी ,सुभाष चंद्र महतो,सुरेश प्रसाद, जितेन्द्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, एस एस झा, आर पी दास, राजू कालिन्दी, मनोज कुमार सिंह मौजूद थे.

पत्रकारों को लोकसभा चुनाव पोस्टल बैलेट से मतदान करने के दी गई सुविधा

मेदिनीनगर पलामू लोकसभ चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया से जुड़े लोगो को आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में रखा है। ऐसे में आयोग द्वारा वैसे मीडिया कर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों के कवरेज हेतु आयोग के स्तर से प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। अतः पुर्व में टेलीफोन एवं न्यूज के माध्यम से पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान करने की सूचना दी गई थी, जिसके आलोक में इच्छुक मीडिया कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान हेतु 12डी0 फॉर्म भरकर कार्यालय में जमा कराया गया है। ऐसे में आप सबों को सूचित किया जाता है कि वैसे मीडिया कर्मी जो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करना चाहते है वे 12डी0 फॉर्म भर कर अपना वोटर आई0डी0 कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर दिनांक 18.04.2024 के अपराह्न 06ः00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करा लें। इस तिथि के बाद आने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

घर व खलीहान में आग लगने से लाखों का नुकसान

उंटारी रोड, पलामू- जिले के उंटारी रोड थाने के मलवरिया गांव में गुरुवार की दोपहर बाद खलिहान व उससे सटे एक घर में अचानक आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की दोपहर शार्ट सर्किट से एक खलिहान में आग लग गयी। खलिहान में अरहर और गेंहू रखा हुआ था। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज थी कि बगल के कई घर में भी उसकी लपटें पहुंच गई। पूर्व जिला पार्षद सह मलवरिया गांव निवासी मनोज कुमार सिंह इसकी तात्कालिक सूचना थाने व दमकल को दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों व दमकल की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक काफी कुछ जल चुका था। ग्रामीणों की ततपरता से घरों में आग लगने से किसी तरह रोका गया। पूर्व जिला पार्षद ने बताया कि मलवरिया के राधेश्याम राम, महेंद्र राम व सीताराम के खलिहान में आग लगी थी आग की तेज लपटों से जनेश्वर रजवार के घर में भी आग लग गई, ग्रामीणों की मदद से कईल रजवार और रामजीत रजवार के घर को किसी तरह जलने से बचा लिया गया। वहीं खलिहान में रखा हुआ सभी गेहूं और अरहर जलकर राख हो गया, मौक़े पर

पलामू लोकसभा के निर्वाचन के पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

मेदिनीनगर. पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव का नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गया जहां 4 एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया।आज से शुरू हुआ नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा।नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा।इसको लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है,जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं।

13 व 20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करना सुनिश्चित करें-जिला निर्वाचन पदाधिकारी

पलामू लोकसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है ऐसे में आप सभी दोनों ही दिन को मतदान ज़रूर करें।उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बूथ पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो,इसे लेकर सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है।उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

पाटन प्रखंड अन्तर्गत ग्राम महुलिया में कलश यात्रा में शामिल हुए जिला परिषद संग्राम सिंह

मेदिनीनगर पलामू सनातन संस्कृति गांव महुलिया में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पाटन के जिला परिषद जय शंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह पाटन छतरपुर के कर्मठ पूर्व विधायक श्री राधा कृष्ण किशोर जी प्रशांत किशोर उर्फ बंकु, मौके पर पूर्व शिक्षक ललन पांडे जी बिनय पांडे आदित्य पांडे अवधेश पांडे ननदेव पांडे चंद्रदेव पांडे सरयु पांडे संजय पांडे बबन पांडे गौतम पांडे श्रीकांत पांडे राजीव पांडे प्रेमचंद पांडे मिथलेश शर्मा प्रहलाद शर्मा अभिषेक पांडे आनंद पांडे इंदु राम राजा शर्मा बिरिन पांडे मालदेव पांडे रामजन्म पांडे और हजारों महिला पुरुष शिव भक्त मुख्य ब्राह्मण पंडित कृष्णा पाठक जी के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश यात्रा की शुरूआत किया गया जो ग्राम महुलिया से टंडवा जिनजोई नदी से कलश भरकर चिलचिलाती गर्मी में जयकारा लगाते हुए वापस आए ग्रामीणों के कठोर प्रयास से गांव में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कर सनातन धर्म का परिचायक बने जिला परिषद ने कहा कि मंदिर निर्माण से आस पास का वातावरण और माहौल भक्तिमय बना रहेगा सुख शांति धर्म और संस्कृति दोनों हमेसा खुद को याद दिलाता रहेगा

राजद प्रत्याशी ममता भुइयां.और भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम 24 को करेंगे नामांकन

मेदिनीनगर राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार ममता भुइयां भी 24 अप्रैल को पलामू लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगे. वहीं भाजपा के उम्मीदवार विष्णुदयाल राम 24 अप्रैल को ही अपना नामांकन करेंगी. दोनों उम्मीदवार नामांकन से पहले एक जनसभा करेंगे. दोनों ही उम्मीदवारों के नामांकन में पार्टी के वरीय नेता मौजूद रहेंगे. भारतीय जनता पार्टी शिवाजी मैदान में एक जनसभा आयोजित करेगी, जिसमें पूर्व सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे. बीजेपी के मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजी मैदान में जनसभा के बाद नामांकन होगा.

रामनवमी में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने लगाया कैंप, मेडिकल के साथ चाय-पानी की दी सुविधा

मेदिनीनगर पलामू राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की अनुसांगिक इकाई झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से रामनवमी पूजा महोत्सव पर शहर थाना के सामने कैंप लगाया जहां मेडिकल सुविधा के अलावा पेयजल के साथ बिस्कुट चाय की व्यवस्था झंडाप्रेमीयों एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई थी। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित रामनवमी महोत्सव स्टॉल को भगवान श्री राम एवं भगवान श्री परशुराम के तस्वीर से सजाया गया था, वहीं श्रद्धालु भक्तगणों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसका शुभारंभ युवा वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव भूदेव सोनू मिश्रा, सेवादार दीपक तिवारी, साहेब सिंह नामधारी, शिक्षाविद अविनाश देव, पूर्व जेनरल दुर्गा जौहरी, केमिस्ट ड्रगीस्ट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, युवा नेता सुर्यांश प्रताप सिंह, सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मनीष कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप दूबे, पलामू नेतृत्वकर्ता विकास दूबे ने संयुक्त रूप से किया। युवा वाहिनी की ओर से आयोजित मेडिकल कैंप की उपस्थित आगंतुकों ने सराहना की। उन्होंने बताया कि शहर में बिजली की व्यवस्था चौपट रहती है, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित तरीके से ये कैंप झंडाप्रेमीयों एवं श्रद्धालुओं के लिए अतिआवश्यक है। रात्रिकालीन सेवा रामनवमी पूजा के दौरान राहत भरा होता है। दुकान प्रतिष्ठान बंद रहने से लोगों को दिक्कत होती है। पीने का पानी एवं चाय की व्यवस्था को ढूंढते हुए झंडाप्रेमी युवा वाहिनी के द्वारा लगाए गए स्टॉल का लाभ लेकर उत्साहित हैं। मौके पर रजनीकांत चंदन तिवारी, दिलीप तिवारी, बिट्टू दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, अंकित उपाध्याय, मुन्ना पाण्डेय, अमित पाण्डेय, नीरज दुबे, हिमांशु पाण्डेय छोटू, रविन्द्र दुबे, आनंद राज, गोपाल पाण्डेय, राजेश चौबे, सुधाकर दूबे, राहुल पाठक, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रवीण पाठक, संजय पाण्डेय, सुशील तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी गोरख पाठक समेत सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

रामनवमी का पर्व धूमधाम से हुआ संपन्न

बारियातु थाना क्षेत्र में रामनवमी के पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. इस दौरान साल्वे नाचना बरियातू जबरा गाड़ी पुक्कु सहित अलग-अलग अखाड़े के लोग जुलूस के साथ नाचते नजर आए. वही इस दौरान दूर दराज से मेला देखने आए हुए लोगो के लिए अलग-अलग जगह पर शरबत और चना की व्यवस्था रखी गई थी, जीप सदस्य के द्वारा भी चना का वितरण किया गया. जुलूस में कई झांकियां भी निकाली गई थी जिसमें राम लक्ष्मण सीता, हनुमान जी और शंकर पार्वती की झांकियां निकाली गई. इसमें राम लक्ष्मण सीता बनी झांकियां को फर्स्ट प्राइज पूर्व विधायक प्रकाश राम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के द्वारा दिया गया. वही कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर, पूर्व विधायक प्रकाश राम सूरज शाह उपेंद्र रंगीला सहित कई लोग उपस्थित रहे.

जय श्री राम के जयकारे के साथ गुंजा कोनवाई क्षेत्र

मेदिनीनगर पलामू जिला के पांकी प्रखंड में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई रामनवमी पूजा। इधर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य आकर्षक अद्भुत और शांति के माहौल में उत्साह और उमंग पूर्वक धार्मिक शोभायात्रा निकाली गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा क्षेत्र जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामनवमी के भजनों से हर गली-मोहल्ले व चौक चौराहे गुंज रहा था। शास्त्रों के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हुआ था।इस लिए इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पावन उत्सव पूरे पांकी प्रखंड क्षेत्र सहित पूरे राज्यों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा तरह - तरह की झांकियां भी निकाली जाती है। उसी को देखते हुए पांकी प्रखंड के कोनवाई पंचायत अंतर्गत गोड़ियाटोला के नौजवानों ने भगवान राम, सीता और हनुमान जी पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत किया। वहीं पांकी विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा जुलुस में शामिल लोगों का अभिनंदन और स्वागत किया जा रहा था।इधर आकर्षक झांकियां को देखने के लिए हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे भी आए।इस प्रकार पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में रामभक्तों के जोश से हर गली-मोहल्ले व चौक चौराहों पर जनसैलाब उमड़ा रहा।इधर राम भजनों के धून के साथ डंके की आवाज के बीच खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे थे और जय श्री राम, माता सीता और हनुमान जी का जयकारा भी लगा रहे थे।इस प्रकार रामनवमी पूजा को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महिला, पुरुष और बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा था।

प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता बीएलओ की बैठक हुई

बालूमाथ । बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी बीएलओ की एक बैठक रखी गई ।जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव संबंधित जानकारी सभी बीएलओ को दी गई ।मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आगामी 8 मई से 13 मई तक मतदाता पर्ची का वितरण करना है । और बीएलओ द्वारा आगामी 19 मई को सभी पोलिंग बूथ में पहुंच कर पोलिंग पार्टी को बूथ दिखाना है । मौके पर 85 बीएलओ चुनाव संबंधित ट्रेनिंग दिया गया । वही आगे बोलते हुए बीडीओ ने कहा कि चुनाव संबंधित सभी तैयारियां धीरे-धीरे पूर्ण की जा रहे हैं ।मतदाताओं को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है ।वोट देना सभी का अधिकार है ।और निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन संयुक्त रूप से कार्य मे लगी हुई है ।

भाकपा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया का नामांकन 23 अप्रैल को होगा

मेदिनीनगर पलामू भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू लोकसभा से भाकपा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया का नामांकन 23 अप्रैल को होगा नामांकन की प्रक्रिया पांकी रोड नियर बुढ़वा शिव मंदिर के पास से प्रारंभ होगी नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो महाराष्ट्र राज्य सचिव महेंद्र पाठक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता हजारीबाग, एवं रांची जिला सचिव अजय सिंह भाग लेंगे।

सिंदरी व निरसा विस के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

धनबाद /जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से आज न्यू टाउन हॉल में सिंदरी एवं निरसा विधानसभा के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन ने बीएलओ को महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य 12 दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट (कतार प्रबंधन), उचित संकेत (साइनेज) इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

पुलिस जवान जयराम की रहस्यमई लापता होने की घटना का अविलंब उद्रेदन करे पुलिस :प्रतुलनाथ

बालूमाथ । भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बालूमाथ थाना में कार्य सहायक पुलिसकर्मी के पिछले 12 दिनों से लापता होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके लातेहार एसपी से आग्रह किया कि वह 12 दिन से लापता सहायक पुलिसकर्मी जयराम को खोजने के लिए विशेष कदम उठाए। प्रतुल ने कहा की जयराम बालूमाथ थाने में पोस्टेड था और पिछले 12 दिनों से उसका कोई सुराग नहीं है।कहा कि वह बहुत ही निर्धन परिवार से आता है।परिजनों का आरोप है कि इस संदर्भ में अब तक प्रशासन की तरफ से कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया जा रहा है जो की एक चिंता का विषय है।प्रतुल ने कहा कि परिजनों के मन में तमाम प्रश्न है। परिजनों की आर्थिक स्थिति भी खराब है और उन सबों का रो-रो कर बुरा हाल है।प्रतुल ने लातेहार एसपी से आग्रह किया कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए ठोस पहल कर इस घटना का उद्वेदन करें।एक पुलिसकर्मी का परिवार ही पुलिस से ही न्याय की गुहार लग रहा है। पूरे क्षेत्र में इस घटना के बाद सनसनी है।लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ाने के लिए आवश्यकता है कि पूरी घटना का अतिशीघ्र उद्वेदन हो।आगे उन्होंने कहा वह अति शीघ्र परिजनों से भी मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे।

ज्ञान सिंह की पुस्तक का हुआ विमोचन

मेदिनीनगर एम. के. डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में विद्यालय के पूर्व छात्र ज्ञान सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ÷क्रश्ड स्नैक ऑफ़ लॉर्ड शिवा÷ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई, डॉक्टर जी.एन.खान ने कहा कि बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर,भारतीय सेना के अतिरिक्त लेखन क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। छात्रों के लिए यह क्षेत्र भी उन्हें प्रसिद्धि एवं आजीविका का साधन,दोनों उपलब्ध करा सकता है। विद्यालय के छात्र अपने वरिष्ठ छात्र से प्रेरणा लेकर लेखन के क्षेत्र में किस्मत आजमा सकते हैं। यह क्षेत्र भावा भिव्यक्ति का श्रेष्ठ क्षेत्र है। छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी कैरियर निर्माण की चिंता में भारतीय अध्यात्म एवं दर्शन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह पुस्तक उन्हें अपनी विरासत से जोड़े रखने का साधन बन सकती है ।आध्यात्मिक कहानियो से लिए प्रसंग छात्रों को रोचक लगेंगे और यह पुस्तक उन्हें पसंद आएगी, ऐसा विश्वास है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी.एस. पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, ए.के.पांडे , अमित त्रिपाठी, चंदन कुमार, कन्हैया राय, निशा मल्होत्रा एवं मंजू चंदेल उपस्थित थी।

ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र में चैत्री नवरात्र में उमड़ा श्रद्धालुओं का भीड़

ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के कजरेल गांव में स्थापित माता दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दसवीं तिथि के अवसर पर निकटवर्ती सहित दुरदराज व पड़ोसी जिले साहिबगंज सहित पड़ोसी राज्य बिहार के कई प्रखंडों के हजारों श्रद्धालुओं ने अपने परिवार संबंधियों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन करते हुए पूजा अर्चना कर मेले का भी जमकर लुत्फ उठाया। वहीं आज यानी शुक्रवार को आदिवासी मेला के रूप में अंतिम मेला लगेगी जिसमें ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के अलावे निकटवर्ती साहिबगंज जिले और पड़ोसी राज्य बिहार के भी कई गांव के दर्जनों प्रचलित आदिवासी कला पार्टी उपस्थित होकर अपने बेहतरीन कला का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान सिद्धू कान्हो,रामलीला लंगड़े नृत्य का प्रदर्शन आदिवासी भाई-बहन अपने पारंपरिक वेश भूषा व लिवास में अपने वादक यंत्र और समियाना बाजा आदि के साथ आकर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हैं। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समिति, युवा शक्ति संघ,बुद्धिजीवी, शिक्षाविद,समाजसेवी आदि द्वारा सभी कला पार्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।बीती रात्रि दुर्गा मंदिर धार्मिक मंच पर पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़,बिहार आदि के करीब दर्जन भर महिला पुरुष कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण की प्रस्तुति कर एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों और भाव नृत्य पर हजारों श्रद्धालु ताली बजाकर पूरी रात झूमते नजर आए।

लखनऊ सुपर जाइंट्स और सीएसके के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

लखनऊ (एजेंसी)। आईपीएल में शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच में जीत से लय हासिल करना चाहेगी। लीग में अच्छी शुरुआत के बाद पिछले दो मैचों में मिली हार से टीम को झटका लगा है। ऐसे में अब वह घरेलू मैदान में जीत से अपने अभियान को पटरी पर लाना चाहेगी।

वहीं सीएसके टीम के पास पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। धोनी अब कप्तान नहीं है पर टीम की रणनीति के पीछे उनकी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा अंतिम ओवर में जिस प्रकार मुम्मई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने तीन छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी उससे भी अंदाजा होता है कि उनकी फिटनेस अब भी शानदार है। इस मैच में सीएसके की दावेदारी इसलिए भी अधिक मजबूत है क्योंकि उसने अपने पिछले दोनो ही मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार हार का सामना झेलनी पड़ी है जिससे उसपर दबाव रहेगा। लखनऊ के बल्लेबाज अब तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, ऐसे में सीएके के गेंदबाजों का सामना करना उनके लिए कठिन रहेगा।

सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है जिसे अंतिम ओवरों में खेलना बेहद कठिन रहता है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान की गेंदबाजी में भी काफी विविधता है। इसके अलावा स्पिनर रविंद्र जडेजा भी प्रभावी रहे हैं।

वहीं लखनऊ की गेंदबाजी युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने से कमजोर हुई है। टीम के अनुसार मयंक ने अभ्यास शुरु कर दिया है पर अभी उनका खेलना तय नहीं हैं। अगर वह खेलते हैं तो सीएसके के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है। पर विविधता न होने से उन्हें विकेट नहीं मिल पाये हैं। लखनऊ के स्पिनरों के लिए सीएसके के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे को रोकना आसान नहीं होगा। शिवम ने अब तक स्पिनरों के खिलाफ काफी आक्रामक बल्लेबाजी की है। इसके

अलावा टीम के पास अजिंक्य रहाणे और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे जैसे बल्लेबाज हैं। बल्लेबाजी में लखनऊ को प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक से रनों की उम्मीदें रहेंगी। वह पिछले तीन मैचों में अधिक रन नहीं बना पाये हैं। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। ऐसे में उन्हें लाभ के लिए ऊपर भेजा जा सकता है। कप्तान राहुल भी अब तक उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाये हैं। टीम की ओर से निकोलस पूरन ने आक्रामक बल्लेबाजी की है जिसे वह बरकरार रखना चाहेंगे। देवदत्त पडिक्कल के खराब फार्म से टीम की परेशानी बढ़ी है।

टीम

लखनऊ सुपर जाइंट्स - केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स - रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

रोहित बोले, धोनी नहीं कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाना होगा आसान

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी और दिनेश कार्तिक की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने कहा कि आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए धोनी को वापसी के लिए मनाना संभव नहीं रहेगा क्योंकि वह अब किसी भी हालत में वापस नहीं आयें पर कहा कि कार्तिक को वापसी के लिए मानना आसान होगा। रोहित वानखेड़े स्टेडियम में धोनी की जबरदस्त पारी से प्रभावित हैं जिसमें उन्होंने केवल चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे जिसमें लगातार तीन छक्के शामिल थे। वहीं कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए 83 रन बनाये थे। रोहित ने कहा, मैं कार्तिक की बल्लेबाजी से खुश हूं । जिस तरह से उन्होंने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। ऐसे में कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाया जा सकता है। । कार्तिक ने आरसीबी की ओर से इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में 53 रन बनाए तब रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि उनके दिमाग में विश्वकप चल रहा है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अकेले ही 83 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज आज से

-पिछली हार का हिसाब बराबर करने उतरेगी पाक टीम

लाहौर (एजेंसी) । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज आज से शुरु होगी। इस सीरीज में पाक टीम के पास पिछले न्यूजीलैंड दौरे में मिली हार का हिसाब बराबर करने का अवसर है। इसी साल जनवरी में दोनों टीमों के बीच खेले गए 5 मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान को 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों ने अपने दल की घोषणा कर दी है। इस सीरीज में पाक की कप्तानी बाबर आजम जबकि न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी माइकल ब्रेसवेल कर रहे हैं।

पाक और न्यूजीलैंड के पिछली सीरीज में पाक टीम की कप्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी कर रहे थे पर अब शाहीन को पीसीबी ने कप्तानी से हटा दिया है। शाहीन की जगह फिर से आजम को कप्तानी दे दी गयी है। इस सीरीज का पहला मैच आज जबकि दूसरा टी20 20 अप्रैल को जबकि तीसरा 21 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं चौथा टी20 मैच 25 अप्रैल को और पांचवां और आखिरी टी20 27 अप्रैल को खेला जाएगा।

आईपीएल 2024 : दिल्ली कैपिटल्स ने अंक तालिका में लगाई लम्बी छलांग, गुजरात को नुकसान

अहमदाबाद (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच में गुजरात टाइटन्स को 6 विकेट से हराकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। गुजरात अपने नेट रन रेट में गिरावट के साथ एक स्थान गिरकर सातवें स्थान पर आ गया। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे सफल रन-चेज पूरा किया और स्टैंडिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली ने गुजरात को हराकर तालिका में लम्बी छलांग लगाई है। इससे पहले दिल्ली 9वें स्थान पर थी लेकिन गुजरात को हराने के बाद उसे तीन पायदान का फायदा हुआ है। वहीं दिल्ली की नेट रन रेट अभी भी माइनस में है। दिल्ली के 7 मैचों में 3 जीत और चार हार के साथ 6 अंक हैं और उसका नेट रन रेट -0.074 है। गुजारत को इस हार से एक पायदान का नुक्सान हुआ जो पहले छठे स्थान पर थी। दिल्ली के हार के बाद अब गुजरात भी 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार के बाद 6 अंकों पर है। लेकिन उनकी रेट रन रेट -0.637 से -1.303 हो गई है जिससे वह तालिका में 7वें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स वर्तमान में सात मैचों में 12 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है, उसके बाद दूसरे स्थान पर कोलकाता नाइट

राइडर्स (8 अंक) और तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स (8 अंक) हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक) चौथे स्थान पर है। इस बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (6 अंक) पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स छठे, गुजरात टाइटंस सातवें और पंजाब किंग्स (4 अंक) आठवें स्थान पर हैं। मुंबई इंडियंस (4 अंक) नौवें स्थान पर है और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर स्टैंडिंग (2 अंक) में सबसे नीचे है। दिल्ली बनाम गुजरात मैच की बात करें तो 90 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली ने 8.5 ओवर में 92/4 रन बनाए जिसमें ऋषभ पंत (16*) और सुमित कुमार (9*) नाबाद रहे। गुजरात के गेंदबाजी विभाग के लिए संदीप वारियर ने दो विकेट लिए। शुरुआत में, मुकेश कुमार के तीन विकेटों की मदद से दिल्ली ने गुजरात को 17/3 ओवर में 89 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान 24 गेंदों पर 31 रन की पारी के साथ जीटी के शीर्ष स्कोरर रहे। मैच के बाद बोलते हुए प्लेयर ऑफ द मैच पंत ने कहा, 'खुश होने के लिए बहुत सी चीजें हैं। हमने चैंपियन विचार प्रक्रिया के बारे में बात की और हमारी टीम ने आज दिखाया कि हम उस तरह खेल सकते हैं और यह देखकर वास्तव में खुशी हुई। गेंदबाजी पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ में से एक, यह टूर्नामेंट की शुरुआत है, ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि हम व्यक्तिगत रूप से सुधार कर सकते हैं, मैदान पर आने से पहले एकमात्र विचार प्रक्रिया बेहतर तरीके से आना था, जब मैं जा रहा था तो यही एकमात्र विचार था।'

उन्होंने कहा, 'लक्ष्य का पीछा करने से पहले हमारी एकमात्र बातचीत यह थी - चलो इसे जितनी जल्दी हो सके प्राप्त करें, हमने पहले कुछ रन-रेट अंक खो दिए थे और हमने इसे कवर कर लिया। हम सिर्फ अहमदाबाद में रहना पसंद करते हैं, हम स्टेडियम, यहां के माहौल को पसंद करते हैं। हम यहां और अधिक मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम एक-एक करके अपनी जीत का आनंद लेना चाहते हैं और उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं।'

सुपर जॉयंट्स ने मयंक की शीघ्र वापसी के संकेत दिये

मुम्बई (ईएमएस)। अपने पहले ही दो मैचों में आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर धूम मचाने वाले लखनऊ सुपर जॉयंट्स के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की टीम में शीघ्र वापसी की उम्मीदें हैं। मयंक चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं इस सत्र में अपनी तेज रफ्तार से मयंक ने सभी को अपना प्रशंसक बनाया है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें मयंक को गेंदबाजी करते हुए देखा गया है। वह चोट की वजह से मयंक दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल सके. मयंक का जो वीडियो आया है उसमें लिखा है, ' फिर से उड़ चला।' मंयक 7 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में केवल एक ओवर गेंदबाजी के बाद दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गये थे उनके पैर में किसी तरह की समस्या हुई और बाद में उन्हें फिजियो के सहारे ग्राउंड से बाहर जाते हुए देखा गया। उन्हें पीठ के निचले हिस्से में तकलीफ हुई थी. करियर के पहले ही दो आईपीएल मैचों में मयंक ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। वह 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक चुके हैं। इस आईपीएल में सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड मयंक के नाम है। उन्होंने दूसरे ही मैच में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। डेब्यू आईपीएल मैच में मयंक ने 155.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। मयंक यादव ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 3-3 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस आईपीएल में अभी तक 9 ओवर की गेंदबाजी की है। जिसमें उनके नाम 6 विकेट हैं।

टी20 विश्वकप के लिए दिनेश कार्तिक ने भी पेश की दावेदारी

मुम्बई। आगामी टी20 विश्वकप के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को भी एक प्रबल दावेदार बताया जा रहा है। आईपीएल के इस सत्र में कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 35 गेंद पर 83 रन की पारी खेली थी। वहीं इससे पहले मुम्बई इंडियंस के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 53 रन बनाये थे। तब भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि कार्तिक के दिमाग में टी20 विश्वकप चल रहा है। ऐसे में कोई भी उनकी दावेदारी को खारिज नहीं कर सकता है। कार्तिक आईपीएल 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 10वें नंबर पर हैं पर स्ट्राइक रेट के मामले में वह पहले नंबर पर आते हैं। टूर्नामेंट में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है, जिसने 150 रन से ज्यादा बनाए हों और उसका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा हो। दिनेश कार्तिक ने 7 मैच की 6 पारियों में 75.33 की औसत और 205.45 स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। आईपीएल 2024 में केवल संजू सैमसन ने दिनेश कार्तिक से ज्यादा रन बनाए हैं पर टी20 वर्ल्ड कप में दावेदारी की आती है तो सैमसन की दावेदारी कमजोर पड़ जाती है। इसका कारण ये है कि सैमसन टॉप-3 में बल्लेबाजी करते हैं। भारतीय टीम के पास टॉप-3 के लिए कप्तान रोहित शर्मा समेत कई दावेदार हैं। भारतीय टीम के इस संयोजन में वह विकेटकीपर सबसे ज्यादा फिट होगा जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी करता हो। भारतीय टीम संयोजन में इस समय दिनेश कार्तिक के अलावा ऋषभ पंत ही एक बड़े दावेदार हैं। ऋषभ ने आईपीएल 2024 में मिडिलऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए 6 मैच में 32.33 की औसत और 157.72 स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं।

श्रीलंका महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में बनाए कई रिकार्ड

पॉचेफ्सट्रूम (एजेंसी)। श्रीलंका महिला और दक्षिण अफ्रीका की टीम के बीच खेले गए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मुकाबले में कई रिकार्ड बने। इस मैच को जीतने के साथ ही श्रीलंका पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने 300 से अधिक का लक्ष्य पीछा करते हुए हासिल किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रन चेज करते हुए ऐसा कारनामा किया था। श्रीलंका का चार विकेट पर 305 और दक्षिण अफ्रीका का पांच विकेट पर 301 का स्कोर महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में चेज के दौरान दोनों टीमों संयुक्त सर्वाधिक स्कोर है। इससे पहले 2017 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के 374 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे। चमारी अटापट्टू और लॉरा वुल्फार्ट की जोड़ी पुरुष और महिला दोनों के ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के इतिहास में पहली ऐसी जोड़ी है जिसने एक मैच में 175 से अधिक रनों की पारी खेली है। इन दोनों ने कुल 390 रन

बनाते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दो कप्तानों द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रनों के मामले में विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को भी पीछे छोड़ दिया है। रांची में वर्ष 2014 में दोनों ने नाबाद 139 रनों की पारी खेली थी। नाबाद 195 का चमारी का यह स्कोर महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में लक्ष्य का पीछा करने का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मेग लानिंग के नाम था जिन्होंने वर्ष 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 152 रनों की पारी खेली थी। रन चेज में अब मैक्सवेल नाबाद (201) ही सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने के मामले में चमारी से आगे हैं। चमारी का यह स्कोर तीसरा सबसे बड़ा नाबाद सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है। वह अब एक से अधिक बार 175 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी हैं। श्रीलंका की महिला टीम ने एकदिवसीय मैच में अब तक कुल 9 शतक लगे हैं और यह सभी शतक चमारी के बल्ले से आए हैं। अब तक केवल दो ही महिला खिलाड़ियों ने एकदिवसीय में चमारी से अधिक शतक लगाए हैं। नाबाद (184) का वुल्फार्ट का यह स्कोर महिला एकदिवसीय इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है जबकि यह अब हारने वाली टीम की ओर से बनाया गया सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले चमारी ने वर्ष 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 178 रनों की पारी खेली थी। हालांकि उस मैच में उनकी टीम हार गई थी। चमारी और नीलाक्षिका सिल्वा के बीच अवजित 179 रनों साझेदारी महिला एकदिवसीय में पांचवें या उससे नीचे के विकेट के लिए दूसरी बड़ी साझेदारी है। यह श्रीलंका महिला टीम के लिए एकदिवसीय में दूसरी बड़ी साझेदारी भी है। इससे पहले वर्ष 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ इन्हीं दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 190 रनों की साझेदारी बनाई थी।

चैम्पियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी को हराकर रीयाल मैड्रिड सेमीफाइनल्स में पहुंची

मैनचेस्टर । रीयाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4.3 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैम्पियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिसे 76वें मिनट में केविन डि ब्रूनी ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1.0 से और औसत के आधार पर 3.2 से हराया।

आईपीएल 2024 : चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, डेवोन कॉन्वे चोट के चलते टूर्नामेंट से हुए बाहर

नई दिल्ली । आईपीएल की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए। सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। आईपीएल द्वारा प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसके अनुसार डेवोन कॉन्वे चोट के कारण टाटा आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉन्वे ने 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 924 रन बनाए हैं। इसमें 9 फिफ्टी और 92 नाबाद उच्चतम स्कोर शामिल है। प्रेस रिलीज में आगे लिखा है कि, सीएसके ने टाटा आईपीएल 2024 के शेष मैच के लिए रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। ग्लीसन ने 6 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है और उनके नाम 9 विकेट हैं। इसके अलावा ग्लीसन ने 90 टी20 खेले हैं और 101 टी20 विकेट चटकाए हैं। उन्हें 50 लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ टीम में शामिल किया गया है।

पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में किया शामिल

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। विरोध प्रदर्शन पिछले साल जनवरी में शुरू हुआ। इसके बाद सिंह के खिलाफ यह लड़ाई एक साल तक चली। सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था लेकिन वह आरोपों से इनकार करते रहे हैं। साक्षी ने उस आंदोलन के बारे में कहा, ''यह लड़ाई अब सिर्फ भारत की महिला पहलवानों के लिए नहीं है। यह भारत की बेटियों के लिए है जिनकी आवाज़ बार बार दबा दी गई।'' सिंह के पद छोड़ने के कुछ ही समय बाद उनके करीबी सहयोगी और व्यवसायिक साझीदार संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष चुना गया। संजय सिंह ने जिस दिन डब्ल्यूएफआई की कमान संभाली, उसी दिन साक्षी ने कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

एथलेटिक्स में भारत को लगा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमश- 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण तथा परामर्श के बाद, यह फैसला किया गया कि मुझे सर्जरी कराने की जरूरत होगी।' श्रीशंकर ने कहा, 'अपने पूरे जीवन में, मेरे अंदर प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना जिसे मैं बदल नहीं सकता। उन चीजोंमें सकारात्मक नतीजा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना जहां मैं कर सकता हूं।'

पिछले साल जून में श्रीशंकर तीसरे स्थान पर रहकर डाइमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बने थे। हालांकि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर से बाहर होने से निराश थे लेकिन हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर जोरदार वापसी की। श्रीशंकर ने कहा, 'जिंदगी अजीब पटकथाएं लिखती है और कभी-कभी इसे स्वीकार करने और आगे बढ़ने में साहस होता है। मैं यही करूंगा।'

उन्होंने कहा, 'मेरी वापसी का सफर उसी क्षण शुरू हो गया जब मेरे घुटने में चोट लगी। यह रास्ता लंबा, कठिन होने वाला है और मेरे से बहुत कुछ छीन लेगा।' बॉस्केटबॉल के दिग्गज कोबे ब्रायंट को अपना आदर्श मानने वाले श्रीशंकर ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। मैं इससे निपट लूंगा क्योंकि मांबा मानसिकता का यही मतलब है।'

शब्द 'माम्बा मानसिकता' लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार की जीवन और प्रतिस्पर्धा के प्रति मानसिकता और सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

केन्द्रीय विद्यालय समेत तीन विद्यालयों में पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

गुमला । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला एवम क्रिएटिव यूनिक डिस्कवरी चैनल के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय गुमला में पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह एवं स्वस्थ जीवन का आधार मानसिक संतुलन तथा कल्पतरु अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। साथ ही मॉडल स्कूल व जिला स्कूल करम टोली में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एवं वर्तमान उपभोक्ता फॉर्म के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार सुशील सिंह , ब्रह्माकुमारी संस्थान से बीके अमृता व बीके सुचित्रा उपस्थिति थे । इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय की इशिका कुमारी तथा राजकीय मध्य विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी को दिव्य संवाद कला पुरस्कार प्रदान देकर सम्मानित किया गया। इसी विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण त्रिपाठी को बच्चों के अंदर रचनात्मक गतिविधियों को विशेष तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे बताया कि विद्यार्थी को अपने जीवन में जी तोड़ मेहनत करनी चाहिए ।मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। मेहनत करने वाले विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।पत्रकार सुशील कुमार ने कहा कि हमें भीड़ से अलग होना है तो हमें सिर्फ पढ़ाई पर फोकस करना होगा। बीके अमृता बहन ने बच्चों को मेडिटेशन के द्वारा मन को कैसे एकाग्र कर हम अपने बौद्धिक क्षमता का विकास कर सकते हैं इस पर छात्र-छात्राओं से परिचर्चा की। इस कार्यक्रम में मॉडल स्कूल करमटोली के प्रधानाचार्य संजय प्रजापति, संजय नंद, रामचंद्र साहू ,विश्वजीत, रूपम गुप्ता तथा जिला स्कूल करमटोली से प्रधानाचार्य अरविंद मिंज ,सुमन टोप्पो, सरोज बखला, स्मिता केसरी, श्वेता , कुसुम, आशा, केंद्रीय विद्यालय के सभी शिक्षक, पंकज कुमार और उत्तम कुमार के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उम्मीदवार आज से 25 अप्रैल तक कर सकेंगे नामांकन पत्र दाखिल

गुमला- 12 - लोहरदगा (अ.ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के बारे में गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए निर्वाची पदाधिकारी, 12-लोहरदगा (अ. ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आज 18 अप्रैल से लेकर उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 25 अप्रैल 2024 तक का समय होगा। 25 अप्रैल तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर) नाम निर्देशन किए जाएंगे।

नाम निर्देशन पत्र संविक्षा की तिथि 26 अप्रैल 2024 को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। प्रतीक आवंटन की तिथि 29 अप्रैल को निर्धारित है एवं मतदान दिवस का आयोजन 13 मई को किया जाएगा, तथा इस बार मतदान का समय पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर अपराह्न 5 बजे तक के लिए निर्धारित है। इसके साथ ही मतगणना 4 जून को की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 18 से 25 अप्रैल तक जिला प्रशासन कार्यालय के आसपास 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी.

इस दौरान एक उम्मीदवारों को केवल तीन वाहनों को उपायुक्त कार्यालय परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति होगी और नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित केवल पांच लोगों को कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा नाम निर्देशन के साथ अभियार्थियों द्वारा समर्पित किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियार्थी नामांकन हेतु फॉर्म समाहरणलय स्थित नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। एवं अभियार्थियों के द्वारा नाम निर्देशन शुल्क (12,500 रुपए) जमा की जाएगी।

मौके पर पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति एवं सौहार्द्य पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।

इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, डीआरडीए निदेशक, डीसीएलआर, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

बरकट्ठा में भक्तों ने निकाली बाइक जुलूस

बरकट्ठा - महानवमी को शोभा समिति के तत्वावधान में महावीरी और भगवा ध्वज के साथ बाइक जुलूस निकाला गया। जुलूस बरकट्ठा दुर्गा मंदिर से बाइक जुलूस निकलकर जीटी रोड का भ्रमण करते हुए गोरहर थाना तक गया। वहां से पुनः लौटकर जीटी रोड के रास्ते बरकट्ठा हाई स्कूल और बुढ़िया माता मंदिर का भ्रमण कर दुर्गा मंदिर में समापन किया गया। जुलूस में जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारे गूंजे। जुलूस की सुरक्षा को लेकर बरकट्ठा पुलिस आगे आगे ले जा रही थी। जूलूस में जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, विहिप नेता संजय यादव, सुरेश पांडेय, संजय गुप्ता, रंजन यादव समेत आदि लोग शामिल थे।

रामनवमी संरक्षण समिति ने कराया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता

हजारीबाग - हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने भव्य कुश्ती (दंगल) का आयोजन हजारीबाग बड़ा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में करवाया जहां हरियाणा, पंजाब , अयोध्या , बनारस , नेपाल से आए पहलवानों ने भाग लिया। दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया द्य दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवानों ने बारी बारी से अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया दो दिनों के इस भव्य दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या हनुमानगढ़ी से आए पहलवान नागेंद्र दास व नेपाल से चल कर आए पहलवान राजू थापा के बीच फाइनल दंगल प्रतियोगिता हुआ जिसमें रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पहलवान नागेंद्र दास विजेता बने द्य दंगल प्रतियोगिता के बारे में संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की हमारे यहां सनातन धर्म में दंगल की परंपरा रही है जो कालांतर में धीरे धीरे लुप्त होता जा रहा है फलस्वरूप लोग का इसके प्रति झुकाव कम होते जा रहा है और युवा नशे के चपेट में आ रहे हैं जो समाज के लिए भयावह है आगे उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा की शरीर मानव जीवन की अमूल्य पूंजी है इसे व्यायाम करके निखरें ना की नशा करके बर्बाद करें आगे उन्होंने हजारीबाग के युवाओं और अखदाधारिओं से अपील करते हुए कहा है की राम नवमी आपसी प्रेम सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनायें द्य वहीं अश्लील और फूहड़ गानों को ना बजाने की अपील की द्य रामनवमी संरक्षण समिति ने दंगल प्रतियोगिता के दौरान आने वाले गणमान्य लोगों व समाज के सजग प्रहरी (पत्रकारों) को संरक्षण समिति ने अंगवस्त्र , लाठी व माला पहना कर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो नेता कमल नयन सिंह , मुन्ना सिंह , दिलीप वर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान,परमेश्वर मेहता , पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी , संजीव लाल भगत , ओम प्रकाश गोप ,अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता , ओम प्रकाश सिन्हा , केदार कुमार ,मोहन कुमार ,धर्मेंद्र शुक्ला , समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों पदाधिकारी सदस्य व सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

ब्लू स्टार ने 60 से 600 लीटर तक के डीप फ्रीजर लॉन्च किए

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2024. ब्लू स्टार लिमिटेड ने विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए ग्राहक वर्गों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करने के लिए 60 से 600 लीटर तक की क्षमता वाले ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल डीप फ्रीजर की एक व्यापक नई श्रृंखला के लॉन्च की घोषणा की। डीप फ्रीजर की नई रेंज बेहतर टेक्नोलॉजी से युक्त हैं जो कुशल कूलिंग के लिए अधिक गर्मी हस्तांतरण सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, वे सुपर उष्णकटिबंधीय हैं और 47? के तापमान में भी काम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

मेक इन इंडिया की रणनीति को मजबूती :संपूर्ण डीप फ्रीज़र रेंज अब पूरी तरह से वाडा में ब्लू स्टार की आधुनिक विनिर्माण सुविधा में निर्मित की जाती है, जो %मेक इन इंडिया, मेक फॉर द ग्लोब पहल के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। दो साल पहले, वाडा में इस नए संयंत्र को 300 से 600 लीटर तक डीप फ्रीजर बनाने के लिए चालू किया गया था, और चालू वित्तीय वर्ष में, 60 लीटर से शुरू होने वाली पूरी रेंज के निर्माण के लिए अतिरिक्त पूंजीगत खर्च का निवेश किया गया था। यह सुविधा नवीनतम आटोमैटिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित है और इसे डीप फ्रीजर के लिए बीआईएस प्रमाणीकरण भी प्राप्त हुआ है। नए संयंत्र में 3 लाख डीप फ्रीज़र और 1 लाख वॉटर कूलर की स्थापित उत्पादन क्षमता है। वाडा के अलावा, अहमदाबाद प्लांट डीप फ्रीजर के निर्माण के लिए समर्पित है।

कोल्ड चेन प्रोडक्ट्स और सोल्यूशंस :डीप फ्रीजर के अलावा, कंपनी की देश में बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपने वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन व्यवसाय को बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना है। 80 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत और विशेषज्ञ डोमेन ज्ञान के साथ, ब्लू स्टार ने कोल्ड चेन उत्पादों और समाधानों से युक्त एक विस्तृत पोर्टफोलियो विकसित किया है जो सभी क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करता है, जिसमें बागवानी, फूलों की खेती, केला पकाना, डेयरी, आइसक्रीमस, पोल्ट्री, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, त्वरित सेवा रेस्तरां, होरेका, रेशम उत्पादन, समुद्री, फार्मास्युटिकल और हेल्थकेयर शामिल हैं। अपने रेफ्रिजरेशन उत्पादों और समाधानों के लिए ब्लू स्टार का मूल्य प्रस्ताव जीवन को बढ़ाना है। उत्पादों और समाधानों को उत्पाद को संरक्षित करने और भंडारण अवधि के दौरान प्रभावकारिता, ताजगी और स्वाद बनाए रखने, खराब होने वाली वस्तुओं के शेल्फ जीवन को बढ़ाने और कोल्ड चेन प्रक्रिया के दौरान बर्बादी को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

अनुपमा सिंह ने हाउस वाइफ से सीधे राजनीति में लोकसभा प्रत्याशी के रूप में मारी एंट्री

अनिल कुमार,बोकारो । 16 अप्रैल को आखिरकार कांग्रेस ने धनबाद लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा कर ही दी.घोषणा होते राजनीति की गलियारों में एक चर्चा छा गया, वहीं 17 अप्रैल को धनबाद से बोकारो तक हर जगह पर कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया, वहीं लोकसभा में इस बार सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं, बल्कि बीजेपी ने भी सभी को चौंकाया दिया है. ढुल्लू महतो को टिकट देकर एक ऐसा माहौल बनाया गया.सूत्रों के अनुसार विरोध पार्टी के लोग ही नहीं बल्कि गैर बीजेपी वाले भी कर रहे हैं. लेकिन लगातार कई सालों से धनबाद लोकसभा की सीट पर बीजेपी की जीत की वजह से ढुल्लू महतो जीत को लेकर आस्वस्त हैं. यहां तक राजनीति के धुरंधर माने-जाने वाले सरयू राय का भी वह सहनशीलता से जवाब दे रहे हैं. बात यह भी हो रही है कि सरयू राय, ढूलु महतो का विरोध कर रहे हैं, या अपने पुराने साथी और परम दुश्मन फलां जी का कर रहे हैं जो अब कहीं का महामहिम बने बैठे हैं.वहीँ दूसरे तरफ बिहार और झारखंड में मंत्री रहे कोल इंडिया और टाटा सिजुआ की राजनीति के महारथी बिहार- झारखंड कांग्रेस के थिंक टैंक माने जाने वाले राजेंद्र सिंह को किसी की पहचान की जरूरत नहीं. उन्हीं की बड़े बेटे की पत्नी हैं अनुपमा सिंह,वहीँ जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह बेरमो विधानसभा से विधायक हैं. परिवार की राजनीतिक विरासत फिलहाल इन्हीं के पास है. छोटे भाई कुमार गौरव तेज तर्रार लीडर होने के बावजूद धनबाद लोकसभा की टिकट पाने में कामयाब नहीं हो पाए. शायद राजनीतिक समीकरण उनके आड़े आ गयी हो. अनुपमा सिंह का जन्म 19 सितंबर 1985 को बोकारो में हुआ. बोकारो, धनबाद लोकसभा में ही आता है. उनके पिता स्वास्थय विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं. वे बिहार सरकार के कर्मी हैं. फिलहाल बिहार में बतौर सिविल सर्जन अपनी सेवा दे रहे हैं. उनकी मां का नाम आशा सिंह है. उनकी पढ़ाई की बात की जाए तो उन्होंने बनारस से अपनी इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की. उन्होंने डेंटल, वेटनरी और होमियोपैथ की पढ़ाई के लिए क्वालीफाई भी किया. आगे की पढ़ाई यानी ग्रेजुएशन के लिए पटना के नामी वुमेंस कालेज से पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई शुरू की। लेकिन किसी वजह से ग्रेजुएशन पूरा नहीं कर पायीं. पिता का पैतृक आवास आरा जिला है. लेकिन मां बोकारो की बेरमो अनुमंडल से हैं. राजेंद्र सिंह के परिवार से अभी तक किसी महिला ने राजनीति में अपना दखल नहीं दिखाया था. उनके जीवित रहने तक उनके दोनों बेटे जयमंगल सिंह और कुमार गौरव यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस के कई पदों पर रहे ।

राम धुन मे रात भर झूमते रहे रामभक्त

झांकियों को देखने रातभर डटे रहे रामभक्त

दारु - दारू प्रखंड क्षेत्र मे रामनवमी की रात्रि को लगातार तीस घंटे तक राम धुन मे झूमते रहे रामभक्त। प्रखंड के दारु बक्शीडीह, छोटका इरगा, दारु खैरिका,बासोबार, झुमरा, जिनगा, कवालु, कबलासी के गाडी साडम आदि जगहों से एक से बढ़कर झांकी निकाली जिसने दर्शकों को मंत्रमुघध कर दिया।बुधवार की रात्रि को आठ बजे झंकियों के निकलने का सिलशीला सुरु हुआ जो की अगले दिन गुरुवार को दोपहर मे समाप्त हुआ। इस दौरान जय श्री राम, जय बजरंग बली के नारो से क्षेत्र गूँजता रहा। भगवा झंडा और अस्त्र शस्त्र लिए रामभक्त रात भर झूमते रहे। थाना प्रभारी शफीक खान रहे सक्रिय- दारु थाना प्रभारी शफीक खान जुलुस के दौरान विधि ब्यवस्था बनाये रखने के लिए दलबल के साथ काफी सक्रिय नज़र आये। थाना प्रभारी हर अखाड़ा मे जाकर रामभक्तो से मिलते रहे और उनका सहयोग करने के साथ हौसला बढ़ाते नज़र आये। रामनवमी पूजा समिति बक्शीडीह के अखाडा मे थाना प्रभारी को पगड़ी पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी रामभक्तों के साथ लाठी खेलते भी नज़र आये।

हर्ष अजमेरा ने बढ़ाया रामभक्तो का हौसला

आरोग्यम अस्पताल के मालिक और समाजसेवी हर्ष अजमेरा बुधवार को दारु बक्शीडीह साहित अन्य अखाड़ों मे जाकर रामभक्तो की टोली से मिले और उनका हौसला बढ़ाया। अजमेरा ने इस दौरान कहा की शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी रामनवमी का त्योहार बड़े हर्ष और जोश के साथ मनाया जा रहा है जिसमे हर वर्ग के लोगो का सहयोग है जिसे देखकर उन्हे आनंद की अनुभूति हुई।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63